● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 315, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 03 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



शरद पवार हमारे देवता: प्रफुल्ल पटेल 5

रोहित शर्मा सिडनी टेस्ट से होंगे ड्रॉप? 6

## शत-प्रतिशत जनसंतुष्टि ही सरकार का मूल ध्येय : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की नर्मदापुरम संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुशासन के जरिए लोक कल्याण ही सरकार का मूल ध्येय है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे प्रयासों का अधिकतम लाभ जनता को ही मिले। राज्य सरकार इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। जनता के कल्याण के लिए हम दिन-रात काम करेंगे। सरकार इस काम से कभी पीछे नहीं हटेगी। हम अपनी ऊर्जा का अधिकतम उपयोग जनकल्याण के लिए करेंगे। जनता की शत-प्रतिशत संतुष्टि ही हमारा पुण्य फल और पारितोषिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को नर्मदापुरम संभाग में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने में सरकार को समुचित सहयोग भी करें। मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में



राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, वरिष्ठ विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, विधायक श्री चंद्रशेखर देशमुख, विधायक श्री विजय पाल सिंह सहित अन्य क्षेत्रीय विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों ने बैठक में वर्चुअली सहभागिता की। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन, मिश्रा, अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ल, प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे जनता से जुड़े कार्यों को पूरा कराने में विशेष रूचि लें। सुशासन के जरिए ही जनता का सरकार पर भरोसा कायम रहता है। हम अपने क्षेत्र में सुशासन के जरिए जनकल्याण के लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपने संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के 5-5 प्रमुख बड़े निर्माण कार्यों सहित अन्य प्रस्ताव लिखित में दें। सरकार सभी निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कराएगी और प्रस्तावों पर समुचित निर्णय लेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम संभाग क्षेत्र के विधायकों से गत 11 दिसम्बर 2024 से चल रहे जनकल्याण अभियान के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि यह जनता के कल्याण का अभियान है, जो जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के बगैर पूरा नहीं हो सकता। जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाएं और उनसे अभियान के उद्देश्यों और लक्ष्यों के बारे में व्यक्तिशः जानकारी लें। प्रयास करें कि सभी पात्र हितग्राहियों को अभियान का लाभ मिले। यदि किसी समस्या के कारण हितग्राही को हितलाभ देने में कठिनाई आ रही है, तो कलेक्टर, कमिश्नर या शासन स्तर से मार्गदर्शन लेकर उसका निराकरण कराएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन विधायकों ने अब तक अपनी विधानसभा क्षेत्र का विजन डाक्यूमेंट (विकास का रोडमैप) तैयार नहीं किया है, वे जल्द से जल्द डाक्यूमेंट तैयार कर उन्हें (मुख्यमंत्री सचिवालय को) भेज दें। सरकार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विजन डाक्यूमेंट पर गंभीरता से काम कर रही है।

बैठक में वर्चुअली जुड़े जनप्रतिनिधियों ने नर्मदापुरम में गत माह 7 दिसम्बर को सम्पन्न हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव पर हर्ष जताया और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार माना। नर्मदापुरम के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आगामी नर्मदापुरम प्रवास पर मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

## कश्मीर का नाम कश्यप हो सकता है: शाह

### शासकों को खुश करने के लिए लिखे गए इतिहास को मुक्त करने का वक्त आ गया

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में जम्मू-कश्मीर एंड लद्दाख थ्रूद एजेस पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि कश्मीर का नाम कश्यप के नाम पर हो सकता है। इतिहासकारों ने कश्मीर का इतिहास पुस्तकों के जरिए बताने की कोशिश की। मेरी इतिहासकारों से अपील है कि प्रमाण के आधार पर इतिहास लिखें।

उन्होंने कहा- 150 साल का एक दौर था, जब इतिहास का मतलब दिल्ली दरीबा से बल्ली मारान तक और लुटियन से जिमखाना तक था। इतिहास यहीं तक सीमित था। यह समय शासकों को खुश करने के लिए लिखे गए इतिहास से खुद को मुक्त करने का है। मैं इतिहासकारों से अपील करता हूं कि वे हमारे हजारों साल पुराने इतिहास को तथ्यों के साथ लिखें।

शाह ने कहा कि कश्मीर का भारत से न टूटने वाला जोड़ है। लद्दाख में मंदिर तोड़े गए, कश्मीर में आजादी के बाद गलतियां हुईं,



फिर उन्हें सुधारा गया। शंकराचार्य का जिक्र, सिल्क रूट, हेमिष मठ से साबित होता है कि कश्मीर में ही भारत की संस्कृति की नींव पड़ी थी। सूफी, बौध और शैल मठ सभी ने कश्मीर में विकास किया। देश की जनता के सामने सही चीजों को रखा जाए। अनुच्छेद 370 ने घाटी में अलगाववाद के बीज बोए शाह ने कहा, अनुच्छेद 370 और 35ए, वे अनुच्छेद थे, जिन्होंने कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने में बाधा डाली। पीएम मोदी के दृढ़ संकल्प ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया। इससे देश के बाकी हिस्सों के साथ-साथ कश्मीर का विकास शुरू हुआ। अनुच्छेद 370 ने घाटी में अलगाववाद के बीज बोए, जो बाद में आतंकवाद में बदल गया। कांग्रेस हम पर जो चाहे आरोप लगा सकती है। पीएम मोदी ने 80,000 करोड़ रुपए का पैकेज जारी किया।

भारत दुनिया का एकमात्र भू-सांस्कृतिक देश उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों का अस्तित्व भू-राजनीतिक है। वे युद्ध या समझौते के परिणामस्वरूप सीमाओं से बने हैं। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो 'भू-सांस्कृतिक' देश है और सीमाएं संस्कृति के कारण परिभाषित होती हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी, गांधार से ओडिशा और बंगाल से असम तक हम अपनी संस्कृति के कारण जुड़े हुए हैं, जो लोग किसी देश को भू-राजनीतिक के रूप में परिभाषित करते हैं, वे हमारे देश को परिभाषित नहीं कर सकते। देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा शाह ने कहा- भारत को समझने के लिए हमारे देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा।

## बांग्लादेशी आतंकियों को प्रवेश देकर बंगाल को अस्थिर करने की साजिश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा बल पर बड़ा आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। बांग्लादेशी आतंकी बंगाल में आ रहे हैं। यह केंद्र की नापाक योजना है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया अधूरी



थी। राज्य के भाजपा नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व से पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के बारे में जवाब देने के लिए कहना चाहिए। बनर्जी ने कहा कि राज्य के भाजपा नेता जो हर मामले में तृणमूल कांग्रेस सरकार की गलती ढूंढते हैं और विरोध प्रदर्शन करते हैं, वे बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य समुदायों पर जारी अत्याचारों के बारे में केंद्र सरकार की अधूरी प्रतिक्रिया के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। टीएमसी और राज्य सरकार बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र के फैसले और प्रतिक्रिया का पालन करेगी। सांसद बनर्जी ने कहा कि अगर बंगाल के भाजपा नेता पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के बारे में इतने सचेत हैं, तो वे दिल्ली में अपनी सरकार पर उचित जवाब देने के लिए क्यों नहीं दबाव डाल रहे हैं? उन्होंने लोगों से राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा उन लोगों पर ध्यान नहीं देने का आह्वान किया।

## सीएम नीतीश कुमार के लिए खुले हैं दरवाजे: लालू

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में रहेंगे या महागठबंधन शामिल होंगे? इन दिनों यह सवाल सभी लोग पूछ रहे हैं। इसी सवाल को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के सुपीमो लालू प्रसाद यादव ने जो बयान दिया है, वह चौंकाने वाला है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा है कि सीएम नीतीश कुमार के लिए दरवाजे खुले हुए हैं। वह साथ में आएं और काम करें। वह अगर महागठबंधन के साथ आना चाहते हैं तो आ जायें। इस बयान ने सियासी गलियारे में हलचल तेज कर दी। साथ ही एनडीए खेमे की बेचैनी भी बढ़ा दी है।

## प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र 25 सेक्टर्स में फैला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। अभी कुंभ मेले की तैयारियां चल रही हैं। इसी बीच प्रयागराज में लगने वाले कुंभ को लेकर वीडियो मैप के जरिए जानकारी साझा की गई है। जिससे महाकुंभ में आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन होगा।

आयोजन से पहले महाकुंभ 2025 के एक्स हैंडल पर एक जानकारी साझा की गई है। जिसमें महाकुंभ प्रयागराज 2025 की जानकारी मैप के जरिए बताई गई है। संगम नगरी में लगने वाले कुंभ मेले को पांच जगहों में बांटा गया



है। जिसमें झूंसी, तेलीयरगंज, संगम, परेड ग्राउंड और अरैल शामिल है। इसमें भी इन इलाकों को सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें 25 सेक्टर हैं। इन सेक्टरों को जोड़ने के लिए पुल भी हैं। जिनकी संख्या 13 है। साथ ही मैप में मुख्य मार्गों की जानकारी दी गई है। कौन सा रास्ता कहां से कहां जा रहा है और किस रास्ते पर कौन सा धार्मिक स्थल होगा।

महाकुंभ का आयोजन भारत के चार पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में हर 12 साल के अंतराल पर होता है। यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान करेंगे। इसे लेकर सरकार ने व्यापक तैयारियां शुरू की हैं। इसमें अत्याधुनिक तकनीक, सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा ताकि श्रद्धालुओं के लिए यह अनुभव सहज और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध हो।

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का एलान

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का एलान गुरुवार को कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में विजेताओं को सम्मानित करेंगी। मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा।

## जेलों में जातीय भेदभाव रोकने की तैयारी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने भारतीय जेलों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए जेल मैनुअल कानून में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जेलों में जाति आधारित भेदभाव को दूर करने और आदतन अपराधी की मौजूदा परिभाषा को बदलने के लिए मॉडल जेल मैनुअल, 2016 और मॉडल जेल और सुधार सेवा अधिनियम, 2023 में संशोधन किया है। गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अक्टूबर, 2024 को दिए अपने फैसले में जेल मैनुअल में बदलाव का आदेश दिया था। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में गृह मंत्रालय ने कहा कि जेल अधिकारियों को सख्ती से यह सुनिश्चित करना होगा कि जाति के आधार पर कैदियों के साथ कोई भेदभाव, वर्गीकरण, अलगाव न हो। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि जेलों में किसी भी ड्यूटी या काम के आवंटन में कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो।

## राजघाट के पास बन सकता है मनमोहन सिंह का स्मारक

### केंद्र ने परिवार को जगह सुझाई, जमीन लेने के लिए ट्रस्ट बनेगा

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के लिए जमीन आवंटन का काम शुरू हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्र सरकार ने स्मारक के लिए डॉ. सिंह के परिवार को कुछ जगहें सुझाई हैं।

परिवार की तरफ से जगह का चुनाव हो जाने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, गांधी-नेहरू परिवार की समाधियों के नजदीक ही डॉ. सिंह का स्मारक बनाए जाने की संभावना है। स्मारक के लिए एक-डेढ़ एकड़ जमीन दी जा सकती है। इसके लिए शहरी विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने राजघाट और उसके आसपास का दौरा भी किया है। नई पॉलिसी के मुताबिक जमीन आवंटन किसी ट्रस्ट को ही किया जा सकता है। इस वजह से पहले ट्रस्ट का गठन करना होगा। जमीन के लिए आवेदन ट्रस्ट ही करेगा।

स्मारक को लेकर कांग्रेस ने मोदी-शाह को पत्र लिखा था... खड़गे ने स्मारक के लिए जमीन मांगी थी (27 दिसंबर)= कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 दिसंबर की शाम पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा था कि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार जहां हो, वहीं स्मारक बनाया जाए। हालांकि गृह मंत्रालय ने निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार करवाया था। कांग्रेस ने इस पर नाराजगी जताई थी और कहा था कि यह पूर्व पीएम का अपमान है। स्मारक के लिए जमीन न दिए जाने के आरोप पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 28 दिसंबर को कहा था- डॉ. सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित कर दी गई है। इसके बारे में उनके परिवार को भी जानकारी दे दी गई है। हालांकि नड्डा ने यह नहीं बताया था कि जमीन कहां दी गई।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी बोले- कांग्रेस झूठ फैला रही पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर कांग्रेस और केंद्र सरकार के बीच जमकर राजनीति हुई।

## चिन्मय दास को झटका, नहीं मिली जमानत

### वकील बोले- हाईकोर्ट जाएंगे

**ढाका।** हिंदू पुजारी और पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को एक और झटका लगा है। बांग्लादेश के चट्टोग्राम की एक अदालत ने गुरुवार को उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। बता दें, उन पर आरोप है कि उन्होंने बांग्लादेश का अपमान करते हुए राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया था। इस मामले में उनके खिलाफ राजद्रोह के आरोप लगाए गए हैं।

दास की ओर से 11 वकीलों का एक समूह जमानत याचिका लेकर अदालत में उपस्थित हुआ, जबकि दास वर्चुअली सुनवाई में शामिल हुए। बता दें, दास को देशद्रोह के एक मामले में 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। वह पहले इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कांशियसनेस (इस्कॉन) से जुड़े थे। बांग्लादेश समिलित सनातनी जागरण जोते संगठन के प्रवक्ता दास की जमानत 26 नवंबर को चट्टोग्राम के 6वें मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट काजी शारिफुल इस्लाम ने राजद्रोह के मामले में खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था।

## यूनियन कार्बाइड कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से हो रहा निष्पादन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कचरा निष्पादन को लेकर उठ रही आशंकाएं निर्मूल हैं। भोपाल के लोग 40 वर्षों से इसी कचरे के साथ रहते आए हैं इसलिए कांग्रेस या जो लोग इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं उन्हें इस विषय में राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर यूनियन कार्बाइड के 358 टन कचरे का वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार निष्पादन पीथमपुर में किया जा रहा है। इस कचरे में 60 प्रतिशत मिट्टी और 40 प्रतिशत 7 नेफ्थाल और अन्य प्रकार के केमिकल से जुड़े अपशिष्ट है। उन्होंने आगे बताया कि कीटनाशक बनाने में नेफ्थाल सह उत्पाद की भूमिका में रहता है और वैज्ञानिकों के अनुसार इसका असर 25 वर्षों में समाप्त हो जाता है।

## आभूषण की दुकान में 1.91 करोड़ लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई की एक आभूषण की दुकान में चार दिन पहले बंदूक की नोक पर 1.91 करोड़ रुपये के सोने और चांदी के सामान लूटने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विनोद लखन पाल के तौर पर की गई है, जो मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले से पकड़ा गया।

मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच की टीम को कुछ अहम सुराग मिले, जिसके बाद पुलिस की टीम ने निवाड़ी के एक फार्म में छापेमारी की। मौके से मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि आरोपी विनोद लखन पाल उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उसने एक अन्य व्यक्ति के साथ 29 दिसंबर को ग्राहक बनकर मुंबई के अग्रीपाड़ा इलाके में सात रास्ता स्थित आभूषण की दुकान में बंदूक और चाकू दिखाकर लूटपाट की थी।

एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने दुकान के मालिक और कर्मचारियों को बांध दिया था। उनके साथ मारपीट करने के बाद 1.91 करोड़ मूल्य मूल्य के आभूषण लेकर भाग गए। दुकान के मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अग्रीपाड़ा पुलिस ने डकैती का मामला दर्ज किया। क्राइम ब्रांच की टीम ने भी मामले की जांच शुरू की।

## गरीबी मुक्त गांव पीएम मोदी का संकल्प : शिवराज

नई दिल्ली

### 10 लाख घरों को मंजूरी देगा ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वह जनवरी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 10 लाख घरों को मंजूरी देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह कार्य 2024-25 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के तहत किया जाएगा। महीने के लिए कार्य योजना तय करने के लिए मंत्रालय की एक बैठक में ये निर्णय लिए गए।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब मुक्त भारत के सपने को पूरा करने के लिए योजनाओं को समय पर लागू करने पर ध्यान देगा। इसके



लिए वे हर महीने लक्ष्य तय होंगे।

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गरीबी मुक्त गांव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है। आज नए साल के पहले दिन हमने कुछ लक्ष्य तय किए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की योजनाएं लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। हमारा प्रयास है कि इन योजनाओं का लाभ सभी को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से मिले। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को समय पर लागू करके गरीबी मुक्त गांव बनाए जाएंगे।

बयान में आगे कहा गया है कि जनवरी 2025 में, मंत्रालय 2024-25 के लिए निर्धारित 10 लाख घरों को मंजूरी देने पर जोर देगा और लाभार्थियों को पहली किस्त भी जारी की जाएगी। चौहान ने अधिकारियों को अगले महीने के भीतर इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए काम करने के लिए कहा।

इस योजना को अगस्त में अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया गया था, जिसमें 2024 से 2029 तक दो करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना की पात्रता नियमों में बदलाव किया गया है ताकि अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा, 2024-25 के लिए बजट बढ़ाकर 54,500 करोड़ रुपये किया गया है।

बयान में बताया गया है कि 2024-25 में 42 लाख घरों के लक्ष्य के मुकाबले 31.65 लाख घरों को मंजूरी दी गई है, और पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत 4.19 लाख घरों का निर्माण जून से दिसंबर तक पूरा हो चुका है।

# राज्यमंत्री की अध्यक्षता में 2047 तक सिंगरौली को विकसित बनाने पर मंथन

## विकास कार्य योजना की हुई बैठक, जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग दिए सुझाव

**सिंगरौली।** विकसित मध्य प्रदेश के साथ सिंगरौली भी 2047 तक विकसित जिला बन जाए। इसके लिए सिंगरौली कलेक्ट्रेट सभागार में आज राज्य मंत्री राधा सिंह की मौजूदगी में जनसंवाद बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें इस बात पर मंथन हुआ कि आखिर सिंगरौली को विकसित सिंगरौली बनाने के लिए क्या करना होगा।



जनसंवाद मे राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशानुसार विजन इंडिया 2047 एवं विजन मध्यप्रदेश 2047 के तहत सिंगरौली जिले में भी विजन डाक्यूमेंट सिंगरौली 2047 तैयार किया गया है। हम सब को मिलकर आगामी वर्ष 2047 तक के कार्य योजना को मूर्तरूप देना है। जिसके तहत जिले का अधोसंरचनात्मक विकास, उद्योग और रोजगार,नगरीय विकास, ग्रामीण विकास, अर्थव्यवस्था, शिक्षा एवं कौशल उन्नयन,स्वास्थ्य, मानव विकास के उच्च मूल्य,विकास की संभावनाओं,जीवन की सुरंक्षा एवं सुद्ढ़ता, जनजाति समाज,परम्परा,और अनुरक्षण वाले सभी विंदुओ पर गहनता से विचार कर रोडमैप को मूर्त रूप देना है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह ने कहा की 2047 तक सिंगरौली को विकसित और सुव्यवस्थित जिला बनाना है। हम कनेक्टिविटी पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। सिंगरौली को एक तरफ जहां सड़क मार्ग से उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से जोड़ने का रूपरेखा तैयार किया जा रहा है इसके अलावा रीवा से भोपाल तक चलने वाली रेवांचल एक्सप्रेस को सिंगरौली तक लेकर आना है। साथ ही उत्तर प्रदेश से बैढ़न होते हुए छत्तीसगढ़ से रेल कनेक्टिविटी भी करनी है साथ ही शहर का विकास शहर की सुब्यवस्थित बसाहट भी जरूरी है। जिसके लिए हम सभी लोग मिलकर प्रयास करेंगे। राज्य मंत्री ने कहा कि विकसित राष्ट्र की यात्रा में मध्यप्रदेश राज्य के साथ ही सिंगरौली जिलें की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण रहेगी। इन्ही आकांक्षाओं व चुनौतियों के दृष्टिगत विजन सिंगरौली 2047 दस्तावेज बनाया जा रहा है। जिसमें सभी के सुझाव एवं मार्गदर्शन की भूमिका अहम होगी। इस दौरान महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, सीएमडी एनसीएल बी.साई राम,नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, पूर्व विधायक रामलल्लू बैस, नगर परिषद बरगवा की अध्यक्ष प्रमिला देवी, आयुक्त नगर निगम डी.के शर्मा,समाजसेवी, युवा जन व्यापार संघ के अध्यक्ष सहित एनसीएल और एनटीपीसी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### विधायकों ने दिया सुझाव

सिंगरौली विधायक राम निवास शाह एवं विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम ने जिले के अधोसरंचानत्मक विकास को दृष्टिगत रखते हुयें यातायात की सुगम व्यवस्था के साथ रेलवे कनेक्टिविटी, सड़क शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ साथ विद्युतीकरण एवं हवाई सेवा से जिले को वाराणसी तक जोड़ने के साथ साथ सोलर प्लांट, रोजगार एवं कौशल उन्नयन पर्यवरण संरक्षण सहित विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गये।

### एनसीएल सीएमडी ने लघु इकाइयों पर किया फोकस

एनसीएल सीएमडी बी.साई राम ने कहा अधोसंरचान विकास से संबंधित सुझाव दिये गये। जिसमें जिले के औद्योगिकरण, लघु ईकाइयो की स्थापना के साथ साथ कौशल उन्नयन सहित अन्य महत्वपूर्ण विंदुओ पर अपना सुझाव दिया गया। वही बैठक में उपस्थित विभिन्न औद्योगिक कम्पनियों के अधिकारियों के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा भी विजन डाक्यूमेंट में अपने सुझाव दिये गये।

### ड्राफ्ट तैयार कर होगा विकास : कलेक्टर

हमरा लक्ष्य न केवल सिंगरौली का विकास करना है बल्कि देश एवं प्रदेश का विकास करना है। इसके लिए हमे सभी क्षेत्रो में उन्नति लाने की आवश्यकता है जिससे कि हमारी आर्थिक विकास एवं आर्थिक वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और स्थानीय व्यापारियों सहित इंडस्ट्री के लोगों के साथ जो आज विकसित सिंगरौली के लिए योजना तैयार की गई है उसका एक ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा और उसी ड्राफ्ट के तहत सिंगरौली की विकास की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# पारदर्शिता एवं तत्परता से करें जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन: विश्वामित्र पाठक

**सिंगरौली।** सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराना। यह तभी संभव होगा जब योजनाओं का पारदर्शिता एवं तत्परता से प्रभावी क्रियान्वयन होगा। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने ग्राम पंचायत लौआर, खुटेली एवं कुसेणा में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत लौआर, खुटेली एवं कुसेंणा में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित विभागवार अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने उपस्थित जनसमुदाय को नव वर्ष की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए अभियान में सम्मिलित 45 जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा।शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक कहा कि अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं जिससे योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को जानकारी मिल सके एवं आवेदन कर पात्रतानुसार लाभ ले सकें। क्षेत्रीय विधायक ने खुटेली में ओदरा बैगान बस्ती तक 3.5 किमी लागत 2.67 करोड़, खुटेली बलियार टोला से अमरहवा टोला तक मार्ग 6 किमी लागत 4.5 करोड़ की स्वीकृति की जानकारी देते हुए लौआर बिछरी के मध्य पुल निर्माण एवं मार्ग निर्माण कराने का आश्वासन दिया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से एस पी मिश्रा एसडीएम सिहावल, रवि शंकर मिश्रा प्रभारी सीईओ, शिव कुमारी जायसवाल मंडल अध्यक्ष मयापुर, अशोक शुक्ला, अर्जुन उपाध्याय, कमलेंद्र सिंह, रामलाल विश्वकर्मा, हर्षद द्विवेदी, अनिल पांडेय, संध्या सिंह राकेश सिंह बैस टीआई बहरी मुन्नालाल वर्मा बीआरसीसी, वेदाचार्य पाठक ए.ई, कामता तिवारी बीपीओ, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# उमाकान्त को पांच सौ मीटर तक घसीटते हुए ले गया पिकअप वाहन

## लोनिवि कर्मचारी की हुई मौत

**सिंगरौली।** सीधी-सिंगरौली के सड़क मार्ग रेही में आज दिन गुरूवार की दोपहर सड़क हादसे में लोक निर्माण विभाग बहरी में पदस्थ समय पाल उमाकान्त पाठक बब्बू उम्र 56 साल दर्दनांक मौत हो गई। मेडिकल ऑक्सीजन सिलेन्डर पिकअप वाहन चालक ने घटना को अन्जाम दिया। घटना के संबंध में मिली जानकरी के अनुसार जियावन थान के समीपी ग्राम सुपेला निवासी उमाकान्त पाठक बब्बू पिता राधेश्याम पाठक उम्र 56 वर्ष आज दिन गुरूवार को सीधी के बहरी लोक निर्माण विभाग में ड्यूटी करने बाइक में सवार होकर अपने एक सहयोगी सिंपल मिश्रा पिता देवेन्द्र मिश्रा के साथ जा रहे थे कि करथुआ के समीप रेही मुख्य मार्ग में पीछे से काफी वेकाबू गति से पिकअप वाहन क्रमांक एमपी53 जीए3533 के लापरवाह चालक ने रौंदते हुए करीब पाच सौ मीटर दुरी तक घसीटता रहा। इस सड़क हादसे में उमाकान्त पाठक की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि सिंपल गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही सुपेला गांव में मातम पसर गया है। वही विधायक उमाकान्त पाठक के घर पहुंच ढाढ़स बधाया। जियावन पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए शव को परिजनो को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार उमाकान्त पाठक अपने गृह ग्राम सुपेला से सहयोगी सिंपल के साथ मोटरसाकिल पर सवार होकर लोक निर्माण विभाग बहरी में ड्यूटी करने के लिए निकले हुए थे।

# एनटीपीसी विंध्याचल में केक काट कर किया गया नववर्ष 2025 का अभिनंदन

**सिंगरौली।** राष्ट्र की विशालतम विद्युत सयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के प्रशासनिक भवन की टेरिस पर 2 जनवरी को प्रात: 09:30 बजे खुले आसमान के नीचे कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार द्वारा केक काटकर नववर्ष 2025 का स्वागत किया गया । इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, कमांडेंट केऔसूब पंकज बलियान, सभी महा प्रबन्धकगण, सभी विभागध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, अध्यक्ष नीव, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण के साथ-साथ अन्य अधिकारी /कर्मचारियों ने भाग लिया । इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्ष 2025 सभी के जीवन में नए उत्साह एवं ऊर्जा का संचार करे और सभी मिलकर एनटीपीसी-लिमिटेड के साथ-साथ अपनी परियोजना एनटीपीसी-विंध्याचल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। हमें एनटीपीसी पर गर्व है, हमें गर्व है अपने विंध्याचल स्टेशन पर जिसने विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान से राष्ट्र के विकास को प्रगति प्रदान की है और राष्ट्र का विशालतम विद्युत सयंत्र बनने की उपलब्धि प्राप्त की है। पिछले एक वर्ष के दौरान हमारे स्टेशन नें नई उचाइयों को प्राप्त किया है और कई उपलब्धियाँ हासिल की है। विगत वर्ष हम सभी ने अनेक चुनौतियों का सामना सामूहिक उत्तरदायित्व के बोध के साथ एक टीम के रूप मे बड़ी ही कुशलता एवं पेशेवर दृष्टिकोण के साथ किया। मुझे विश्वास है कि हम अपनी कार्य दक्षता एवं टीम भावना से विंध्याचल स्टेशन के विद्युत उत्पादन की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखेंगे। प्रशासनिक-भवन के पश्चात नववर्ष के अवसर पर परियोजना के स्टेज-1 सर्विस बिल्डिंग, कोन्फ्रेंस हॉल में केक कटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें नववर्ष के सुअवसर पर केक काटा और सभी कर्मचारियों को आने वाले वर्ष हेतु अपनी शुभकामनाएँ दी। साथ ही परियोजना के स्टेज 4, सेवा भवन मे भी महाप्रबंधक(परियोजना) अतिन कुंडु द्वारा नववर्ष के सुअवसर पर केक काटकर सभी कर्मचारियों को आने वाले वर्ष हेतु अपनी शुभकामनाएँ दी गई।




# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी मे आयोजित हुआ अलौकिक समर्पण दिवस

**सिंगरौली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विंध्यनगर सेवाकेंद्र में कल 1 जनवरी नव वर्ष 2025 के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही बीके अंजू बहन का अलौकिक समर्पण दिवस भी मनाया गया एवं भ्राता आशुतोष अरोड़ा जी डीजीएम एनटीपीसी विंध्यनगर से स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह भी रहा द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के व्यवसाई सुरेश अग्रहरि एवं अग्रहरि समाज के साथ उपस्थित हुए द्य इस अवसर पर दीप प्रज्वलन कर, केक काटकर एवं नव वर्ष के गीत पर कुमारी प्रियंका ने नृत्य प्रस्तुत किया, ब्रह्माकुमार अर्जुन भाई ने कृष्ण रास प्रस्तुति दी एवं अंत में कुमार नकुल में नृत्य प्रस्तुत किया द्यबीके शोभा ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष बहुत बड़ी योजनाएं न बनाए क्योंकि ज्यादा बड़ी-बड़ी योजनाएं कुछ समय बाद बहुत कठिन योजनाएं अक्सर सफल हो जाती है इसलिए ऐसी योजनाएं ही बनाएं जिन्हें वास्तव में पूर्ण किया जा सके उसके साथ ही दीदी ने कहा कि जीवन की छोटी-छोटी खुशियों एवं प्राप्तियों का भी संपूर्ण आनंद उठाएं इसलिए आजकल कहा जाता है एंजॉय लिटिल थिंग्स समर्पण के 20 वर्ष पूर्ण होने पर बीके अंजू ने अपना अनुभव साझा किया कि यह जीवन सिर्फ ईश्वरीय सेवाओं के लिए समर्पित किया है और अपने आप को ज्ञान, साधना एवं सेवाओं के बैलेंस द्वारा जीवन को सही दिशा दी है और साथ ही अनेक आत्माओं एवं उनके परिवारों को मार्गदर्शित किया एवं राजयोग की शिक्षाओं से उनको आध्यात्मिकता से जोड़ा द्यबीके हेमलता बहन ने सभी को राजयोग के विषय में बताया कि भारत का प्राचीन योग राजयोग है।



# शनिदेव की मूर्ति को आराजक तत्वों ने किया खंडित, रेलिंग भी तोड़ी

## घटना का वीडियो हुआ वायरल, कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** कोतवाली वैढ़न के वार्ड क्रमांक 41 गनियारी स्थित जोगिया वीर बाबा मंदिर में स्थित पुरानी शनिदेव की मूर्ति को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया है?तथा मंदिर परिसर में रेलिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है।?घटना बीती रात की बतायी जा रही है, जिसकी एक वीडियो भी शोसल मीडिया में वायरल हो रहा है।?सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मंदिर प्रबंधन का कहना है कि उक्त घटना में शामिल आरोपी मंदिर की रेलिंग व मूर्ति का नवनिर्माण कराने के लिए तैयार हैं इसलिए वह आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं चाहते। कोतवाली प्रभारी अशोक सिंह परिहार ने बताया कि गनियारी वार्ड-41 से आज सुबह इस बात की सूचना आई थी। वहां स्थित जोगिया वीर बाबा मंदिर में अज्ञात आरोपियों ने मंदिर परिसर में घुसकर शनि भगवान की मूर्ति को खंडित कर दिया है। जिस पर पुलिस बल मौके पर भेजा गया था। पुलिस बल ने वहां जाकर जांच की, तो पता चला कि मंदिर की सीढ़ियों के पास लगी रेलिंग क्षतिग्रस्त हुई है। इसके अलावा पुरानी शनि देव की एक मूर्ति जो मंदिर परिसर में ही लगी हुई थी, उसे आरोपियों ने खंडित कर दिया है।

# जिला शिक्षा अधिकारी के कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई शौचालय विहीन

**सिंगरौली।** जिले के देवसर विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई शौचालय विहीन है। जहां एक भी शौचालय चालू हालत में नहीं है। विद्यालय में एक भी शौचालय न होना अपने आप में एक अजूबी बात है। जो लोगों के समझ से परे है। हायर सेकेण्डरी विद्यालय में शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा न होना बड़े शर्म की बात है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगरौली को सिंगापुर का दर्जा पूर्व में ही दे चुके हैं। यह कैसी विडम्बना की बात है कि सिंगापुर की तर्ज पर विकास करने वाला सिंगरौली जिला के शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय में शौचालय का नामो- निशान तक नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली को तीन-तीन बार पत्र व्यवहार की गई है। फिर भी वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मामले को संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है। क्या? यह बात कलेक्टर-सीईओ की जानकारी में नहीं है या नजर अंदाज के शिकार हो रहे हैं।



### डीईओ को तीन बार लिखा गया पत्र

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरई में शौचालय की सुविधा करवाने के वास्ते संस्था प्रमुख द्वारा डीईओ सिंगरौली को दिनांक 11 सितंबर 2024, 8 अक्टूबर 2024 एवं 18 अक्टूबर 2024 को भी पत्र लिखा गया है। फिर भी डीईओ के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जैसा कि सिंगरौली के डीएमएफ व सीएसआर मद के राशि से देश व प्रदेश के महानगर विकसित हो रहे हैं। परंतु जिले के सरई शासकीय हायर सेकेंडरी में शौचालय की सुविधा प्रशासन नहीं बना पा रही है।

### कलेक्टर का कराया गया ध्यानाकर्षित

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरई में एक भी शौचालय न होने से छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक भी निवृत्त होने के लिए परेशान हो रहे हैं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों ने इस समस्या को दूर कराने के लिए कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला का ध्यान आकर्षित कराया है।

# जमीनी विवाद को लेकर भाभी की हत्या

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना क्षेत्र के बगैया बिक्ठा टोला में जमीन हिस्सा बांट को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई और भाभी को अपने बेटे के साथ मिलकर जमकर मारपीट कर दिया। जहां उपचार के दौरान भाभी की मौत हो गई। वहीं बड़े भाई का उपचार सीएचसी चितरंगी में चल रहा है। इधर पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध करते हुए दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन व चितरंगी एसडीओपी आशीष जैन के मार्गदर्शन में चितरंगी थाना प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने की है। चितरंगी थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 दिसंबर को फरियादिया मुनिया अगरिया पति अंजनी कुमार अगरिया निवासी बगैया बिक्ठा टोला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा पति दो औरत रखा बड़ी मंतो अगरिया और छोटी मैं हूं।

# नवानगर और जयंत बना अवैध डीजल कारोबार का गढ़

## पुलिस के गस्त पर खड़े हो रहे सवाल, प्रभारियो ने साधी चुप्पी

**सिंगरौली**

पुलिस थाना और चौकी में भले ही थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी बदलते रहे हैं लेकिन यहां हो रहे अवैध कार्यों में लगे कारोबारी वही पुराने रहते हैं। और प्रभारी भले बदलते हैं लेकिन सीकेडी माफिया वही काम करते हैं जो दशकों से काम करते चले आ रहे हैं। नवानगर क्षेत्र के नंदगांव और जयंत चौकी अंतर्गत गोलाई बस्ती डीजल के अवैध कारोबारी के लिए सबसे महफूज जगह बनी हुई है। पुलिस के नजरों में यह कारोबारी क्यों नहीं आते यह लोगों के समझ से परे हैं। लेकिन जिस तरह से यह घनी बस्तियों के बीच अवैध कारोबार फल फूल रहा है। ऐसे में कब कोई बड़ा हादसा हो जाए कहां नहीं जा सकता।

जिले में डीजल का अवैध कारोबार कोई नया नहीं है यह बहुत पुराना कारोबार है हां यह बात जरूर है कि इन अवैध कारोबारी पर ढाई सौ किलोमीटर दूर बैठी वाराणसी एसटीएफ टीम सिंगरौली आकर अवैध कारोबारी के कब्जे से 40000 लीटर अवैध डीजल जप्त कर लेती है और आधा दर्जन अवैध कारोबारी को गिरफ्तार कर ले जाती है लेकिन सिंगरौली जिले का पुलिस महकमा इन अवैध कारोबारी तक नहीं पहुंच पाती। यह अब भी बड़ा सवाल बना हुआ है। सूत्रों की माने तो जिले की पुलिस अवैध डीजल माफियाओं से सांठगांठ कर इस कारोबार को संरक्षण देती है। नहीं तो मजाल क्या कि डीजल माफिया एक बूंद भी डीजल की कालाबाजारी कर सके। अपने यहां तो कहावत है कि यदि पुलिस चाहे ले तो मंदिर के सामने उतारे गए चप्पल को कोई चोरी चुरा नहीं सकता फिर यह तो अवैध डीजल का कारोबार है। बिना पुलिस के संरक्षण के यह कारोबार होना असंभव है।

### प्रभारियो के इशारे पर होता है खेल

सूत्रों की बातों पर गौर करें तो नवानगर और जयंत में डीजल का कारोबार कोई नया नहीं है। अवैध डीजल का कारोबार काफी लंबे अरसे से चल रहा है। सूत्र तो यह भी दावा करते हैं कि कोई भी प्रभारी आए सबसे पहले यही डाटा मांगता है की किस क्षेत्र में कौन सा अवैध कारोबार चल रहा है। कुछ ऐसा ही हाल नवानगर और जयंत चौकी का बना हुआ है। इन माफियाओं से बीट प्रभारी के द्वारा सेटिंग कराई जाती है। इसके बाद प्रभारियो के इशारे पर अवैध डीजल का कारोबार चलता है।

### काम्बिंग गशत की निकल रही हवा

सूत्रों की बातों पर गौर करें तो पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के द्वारा कांम्बिंग गश्त चलाया जाता है ताकि क्षेत्र में अपराधीयों पर पुलिस का खौफ दिखाई दे और अपराध में कमी आए। लेकिन नवानगर थाना क्षेत्र के नंदगांव और जयंत चौकी के गोलाई बस्ती में अवैध डीजल का कारोबार फल फूल रहा है। क्या इसकी जानकारी दोनों प्रभारियो को नहीं है या फिर जानबूझकर अवैध कार्य को बढ़ावा दे रहे है।

# एनएच 39 के किनारे मकान निर्माण की मची होड़

## मुआवजा के लालच में ठेके पर बन रहे रातों रात घर

**सीधी।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में सीधी-रीवा तक फोर लेन का निर्माण होना है। प्रशासनिक स्तर से भू-अधिग्रहण को देखते हुए संबंधित क्षेत्रों में सडक के आसपास भूमि के अंतरण एवं निर्माण पर भी रोंक लगा दी गई है। बावजूद इसके करीब एक माह से बाईपास सीधी से लेकर सोनवर्षा तक मुआवजा ज्यादा लेने के लिए लोगों द्वारा मकान का निर्माण बड़ी तेजी के साथ कराया जा रहा है। मुआवजा ज्यादा से ज्यादा पाने की होड़ में जिला मुख्यालय के समीपी क्षेत्र में ही करीब महीने भर से सडक के समीप मकानों का निर्माण हो रहा है। लेकिन इन पर रोंक लगाने की जरूरत अभी तक नहीं समझी गई है। अधिकांश लोग ईंट से मकान का निर्माण कार्य करा रहे हैं और छत के स्थान पर चद्दर की सीटें रख रहे हैं। बताया गया है कि ज्यादातर लोग दीवार खड़ी करने के लिए करीब एक फिट नीव की खुदाई कराने के बाद रातों रात दीवार उठाने में लगे हैं। लोगों में यह होड़ मची हुई है कि 24 घंटे के अंदर मकान का स्ट्रेक्चर खड़ा हो जाए और उसके ऊपर टीन की चद्दर डाल कर छत बना ली जाए। जिला मुख्यालय के समीपी क्षेत्र में ही करीब आधा सैकड़ा मकानों का निर्माण कार्य हो चुका है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। अब तो स्थिति यह है कि जिनकी जमीनें राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में सीधी-रीवा के बीच हैं वहां रातों रात मकान बनाने का काम किया जाएगा। इसके लिए लोग अब पूरी तैयारी बना रहे हैं। हैरत की बात तो यह है कि मनमानी तौर पर मुआवजा लेने के लिए लोग सडक़ के समीप निजी भूमि में मकान का निर्माण रातोरात करा रहे हैं और वहीं राजस्व विभाग का मैदानी अमला माने जाने वाले हल्का पटवारी इस मामले में पूरी तरह से मूकदर्शक बने हुए हैं।



### दिन-रात का नहीं दिख रहा असर

चर्चा के दौरान जमोड़ी बाईपास, पनवार, सोनवर्षा क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों ने बताया कि अभी और ज्यादा मकानों का निर्माण कार्य होना है। कुछ लोग तो यह देख रहे हैं कि जो मनमानी तौर पर मकानों का निर्माण कार्य 24 घंटे के अंदर रातोरात किया जा रहा है। उस पर प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है। यदि प्रशासनिक स्तर से इसी तरह निष्क्रियता बनी रही तो जल्द ही मकानों के निर्माण की कतारें बढ़ौरा तक पहुंच जाएंगी। इसके बाद यह सिलसिला लगातार बढ़ता रहेगा और चुरहट क्षेत्र में भी सडक के किनारे जिनकी भूमि है ज्यादा से ज्यादा मुआवजा पाने के लिए उनके द्वारा भी मकानों का स्ट्रेक्चर खड़ा कर लिया जाएगा। अधिकांश लोगों की यह मंशा है कि राजस्व अमले से सांठ-गांठ करके बाद में मकान का निर्माण मुआवजा में भी दर्ज करा दिया जाएगा। जिससे लाखों रुपए का मुआवजा और भी मिल जाएगा।

### हल्का पटवारी बने मूकदर्शक

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 सीधी-रीवा के फोर लेन निर्माण के लिए जल्द ही भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भी शुरू होने वाली है। इसी वजह से जिनकी भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है उनके द्वारा ज्यादा से ज्यादा मुआवजा पाने के लिए तरह-तरह से हथकंडे अपना रहे हैं। कुछ लोग तो राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 सीधी-रीवा के फोर लेन निर्माण की घोषणा होने के बाद से ही भूमि का बड़े पैमाने पर अंतरण भी करना शुरू कर दिया गया था। काफी संख्या में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित भूमियों की रजिस्ट्री कराने का सिलसिला शुरू रहा। वहीं कुछ भूमि स्वामियों द्वारा अपने पुत्र-पुत्रियों के नाम से भी भूमि को कराने के लिए तहसील की मिलीभगत से नामांतरण का खेल भी खेला जा रहा है। इस मामले में तहसील स्तर तक के कर्मचारी पूरी तरह से मूकदर्शक बने हुए हैं। जिन हल्का पटवारियों के क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे मकानों का निर्माण कार्य किया जा रहा है वह अभी तक पूरी तरह से मूकदर्शक हैं। जबकि उन्हें मकानों के अवैध निर्माण को लेकर तहसील कार्यालय में लिखित रूप से अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। जिससे ऐसे मकानों के निर्माण पर रोंक लग सके। यदि प्रशासनिक स्तर से इसी तरह की निष्क्रियता बनी रही तो निश्चित ही आने वाले समय में शासन को मुआवजा वितरण में ही करोड़ों की चपत लग जाएगी। जिनको मुआवजा मिलेगा उनके द्वारा यह भी प्रयास किया जा रहा है कि उनका मुआवजा ज्यादा से ज्यादा बने इसके लिए हल्का पटवारियों से सांठ.गांठ बनाई जा रही है। हल्का पटवारी मुआवजा के इस फर्जीवाडे में सबसे ज्यादा शामिल रहते हैं।

### बाईपास में बन रहे घरौंधों पर राजस्व की निगरानी नहीं

बाईपास जमोड़ी से लेकर जोगीपुर तक काफी घरौंधे बनाए जा रहे हैं। लालच के चक्कर में इस तरह का कारनामा कास्तकारों द्वारा किया जा रहा है। यहां तक कि कुछ लोग मध्य प्रदेश शासन की जमीन में भी अतिक्रमण कर घर बनाना शुरू कर दिए हैं। मामले को लेकर हल्का पटवारी कार्यवाही करने से परहेज कर रहे हैं। जिस वजह से जमोड़ी से लेकर जोगीपुर एनएच 39 बाईपास मार्ग में सैकड़ों से ज्यादा घर बनाने का काम शुरू हो गया है।

### इनका कहना है



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 के फोर लेन निर्माण के लिए भू.अर्जन की प्रक्रिया निर्धारित मापदंडों के अनुसार चल रही है। जो तय समय सीमा के बाद मकानों का निर्माण किया जा रहा है उनको मकान का कोई मुआवजा नही मिलेगा। यह अवश्य है कि मुआवजा की लालच में लोग इस तरह से अवैध निर्माण करते हैं। लेकिन ऐसे लोगों को इसका लाभ नहीं मिलता। मुआवजा वितरण की प्रक्रिया निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही होती है और उसका पालन हर हाल में किया जाएगा।

**नीलेश शर्मा, एसडीएम**
**गोपद बनास**

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के इकाईयों का त्रैवार्षिक निर्वाचन

**सीधी।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की रीवा में संपन्न 29 दिसम्बर की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर ने प्रदेश भर की सभी विकासखण्ड, नगर और तहसील इकाइयों को, त्रैवार्षिक कार्यकाल पूर्ण हो जाने के कारण भंग कर वर्ष 2024 की सदस्यता के आधार पर समस्त जिला इकाइयों को उनके सभी ब्लाक तहसील और नगर इकाइयों जिनने न्यूनतम 100 की सदस्यता पूर्ण की है, का त्रैवार्षिक निर्वाचन कराने का निर्देश दिया है।

जिला इकाई सीधी के अध्यक्ष राजबहोर पाठक, जिला सचिव सतीश पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि जिले की सभी विकासखण्ड और तहसील इकाइयों का त्रैवार्षिक निर्वाचन दिनांक आगामी 05 जनवरी 2025 रविवार को संपन्न कराये जाएंगे, जिसके लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी विकासखण्ड और तहसील इकाइयों के लिए निर्वाचन अधिकारी और पर्यवेक्षक दल को नियुक्त कर दिया गया है। आगामी 05 जनवरी को निर्धारित (चिन्हित) निर्वाचन स्थल (मतदान केंद्र) पर 10:00 बजे पूर्वाह्न निर्वाचन अधिकारी एवं पर्यवेक्षक पहुंचेंगे और साढ़े दस बजे से निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और तीन बजे अपराह्न तक निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार संगठन बायलाज के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव और कार्यकारिणी सदस्य के नाम भरे गए नाम निर्देशन पत्र के अनुसार निश्चित कर लिए जाएंगे। निर्विरोध की स्थिति में नामांकन भरने वाले प्रत्याशियों को निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा परन्तु जिन पद/पदों में एक से अधिक नामांकन पत्र होंगे, वहां उन पदों पर साढ़े तीन बजे अपराह्न से मतदान कराकर, मतपत्रों की गिनती उपरांत निर्वाचित घोषित किया जाएगा और संबंधितों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे। संगठन के सभी सामान्य सदस्यों (निर्वाचक मंडल) को सभी विकासखण्ड/तहसील इकाइयों के माध्यम से पूर्व में ही निर्वाचन संबंधी आवश्यक सूचनाएं भेज दी गई थी। संगठन के जिलाध्यक्ष राजबहोर पाठक ने जिले के सभी शिक्षक साथियों एवं बहनों को नव वर्ष की शुभकामना प्रेषित करते हुये पुन: अपील की है कि नियत दिनांक 05 जनवरी को निर्धारित निर्वाचन स्थल पर 10 बजे पूर्वाह्न पहुंच कर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव कर संगठन में अपनी यथोचित सहभागिता सुनिश्चित करने का कष्ट करेंगे। विकासखण्ड रामपुर नैकिन और तहसील रामपुर नैकिन का निर्वाचन शा. बालक उ.मा.वि. रामपुर नैकिन में, तहसील चुरहट का निर्वाचन शा.उ.मा.वि पटपरा में, विकासखण्ड सिहावल एवं तहसील सिहावल तथा तहसील बहरी का निर्वाचन एक साथ शा.उ.मा.वि. अमिलिया में, विकासखण्ड सीधी और तहसील गोपद बनास का निर्वाचन अशासकीय रानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी, शास्त्री नगर सीधी में तथा विकासखण्ड मझौली एवं तहसील मझौली का निर्वाचन शा. बालक उ.मा.वि. मझौली में संपन्न होगा।

# राष्ट्रगान तथा राष्ट्रगीत के गायन के साथ नए वर्ष का हुआ आगाज

## नए वर्ष में नई ऊर्जा, स्फूर्ति और उमंग के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें : सीईओ



**सीधी।** नव वर्ष की शुरुआत राष्ट्रगान तथा राष्ट्रगीत के गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी अपर कलेक्टर अंशुमन राज द्वारा सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कहा कि इस नए वर्ष में नई ऊर्जा, स्फूर्ति और उमंग के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लें। अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना योगदान करें, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएं। इस मौके पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नायब तहसीलदार लवकेश मिश्रा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई



**सीधी।** नायब तहसीलदार श्री लवकेश मिश्रा के निधन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई। उल्लेखनीय है कि कुल्हाड़ी के हमले से घायल तत्कालीन प्रभारी तहसीलदार कुसमी श्री लवकेश मिश्रा का गत दिवस निधन हो गया है। कुसमी में पदस्थापना के दौरान उनके ऊपर जानलेवा हमला हुआ था। काफी प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न भण्डारण नहीं करने पर नोटिस जारी

**सीधी**

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकानों में निर्धारित समयावधि में खाद्यान्न का भण्डारण नहीं करने पर जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड जिला सीधी तथा केन्द्र प्रभारी मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड मझौली को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तीन दिवस में कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) जिला सीधी में लिखित जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

उल्लेखनीय है कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कुसमी/मझौली के प्रतिवेदन के आधार पर दिनांक 12.12.2024 की स्थिति में 36 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में माह दिसंबर 2024 का खाद्यान्न भण्डारण होना नहीं पाया गया। इन शासकीय उचित मूल्य दुकानों में 23 दुकाने आदिवासी बाहुल्य कुसमी विकासखण्ड की हैं। समय से भण्डारण नहीं करने पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# धान उपार्जन की अंतिम तिथि 23 जनवरी

**सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त किसान भाईयो को सूचित किया है कि म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के पत्र दिनांक 08.11.2024 के अनुसार जिले में धान उपार्जन का कार्य 44 उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है। उपार्जन का कार्य 12.12.2024 से 23.01.2025 के मध्य किया जाना है। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारी को अपने-अपने उपार्जन केंद्रों में उपस्थित रहकर धान उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से कराने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। उन्होंने बताया कि जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उपार्जन केंद्रों के भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि उपार्जन केंद्रों पर जिन नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे उपार्जन केन्द्रो में उपस्थित नहीं रहते है।

# डांगा के छात्रों ने भोपाल में किया अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल डाँगा के छात्रों ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

**मझौली।** मझौली क्षेत्र के अंतर्गत सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल डांगा के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और उत्कृष्ट प्रर्दशन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल संस्कृत व संस्कृति हेतु सदैव प्रयासरत रहती है इसी कड़ी में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी संभागों से आये हुए प्रतिभागियों के बीच भी अपना स्थान बनाते हुए गौरवान्वित किया। उक्त प्रतियोगिता की तैयारी विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी सोनू चतुर्वेदी द्वारा कराई गई । प्रतिभागी छात्रों में पुनीत त्रिपाठी नारायण शुक्ला समर शुक्ला विजय साहू कृष्ण कुमार पाठक यश गुप्ता आदि छात्र शामिल होकर भोपाल में संस्कृत नृत्य नाटिका में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए संभाग व जिले के साथ साथ समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। विद्यालय के व्यवस्थापक एम के शुक्ल ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में और अधिक प्रतियोगिता में चयनित होने के लिए उत्साहित किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर संचालक एस के शुक्ल ने हर्ष व्यक्त करते हुए अग्रिम स्तर के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय ही नही जिला व संभाग सहित समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के , वाइस हेडमास्टर रितेश शुक्ला, जितेन्द्र सोनी , एजुकेशन कोऑर्डिनेटर खुशी शुक्ला , वरिष्ठ शिक्षिका लवी शुक्ला ,कामिनी शुक्ला, प्रांजल गुप्ता , प्रीति पटेल , शिवानी त्रिपाठी , श्रुति चतुर्वेदी, सहित के पी शुक्ला के के शुक्ला सहित समस्त स्टाफ व शुभचिंतकों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सफलता पर बधाई प्रेषित किए।

# श्री सांई महाविद्यालय में मनाया गया नव वर्ष



**सीधी।** सीधी शहर मुख्यालय उत्तरी करौंदिया में स्थित श्री साईं महाविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम के साथ नव वर्ष 2025 का भव्य स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विधाओं- नृत्य, गायन, वादन, भाषण आदि के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में संरक्षक इंजी. आषीष मिश्रा के मुख्य आतिथ्य व संचालिका श्रीमती रचना मिश्रा के मार्गदर्षन में प्राचार्य इंजी. संतोष सिंह एवं समस्त स्टॉफ ने अपने विचारों व वक्तव्यों से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया व नए वर्ष के उपलक्ष्य में मौलिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी व प्रेरणा दी गई। आभार भाषण में कार्यक्रम संयोजक सुश्री मीनाक्षी चतुर्वेदी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त स्टॉफ व छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

# गोपालदास बांध में जनसहयोग से चलाया गया विशेष सफाई अभियान



**सीधी।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर गुरुवार 02 जनवरी को गोपाल दास बांध वार्ड क्रमांक 09 सीधी में जनसहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बांध की साफ-सफाई कराई गई जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, आम जनमानस, अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा सहभागिता की गई।

# अयोध्या में रामलला के दरबार में साल के पहले दिन ही पहुंचा उत्कृष्ट विद्यालय का परिवार



**सीधी।** शैक्षिक भ्रमण यात्रा के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय सीधी की 40 सदस्यों की छात्र और छात्राओं की टीम विद्यालय के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी के नेतृत्व में भगवान राम की नगरी अयोध्या पहुंची। इस यात्रा के दौरान विद्यालय के छात्रों की टीम सबसे पहले बहुती जलप्रपात मऊगंज का भ्रमण किया। तत्पश्चात प्रयागराज गंगा स्नान करते हुए भगवान राम की नगरी अयोध्या के लिए रवाना हुए। शाम को भगवान की नगरी में सभी छात्रों ने धर्मशाला में ठहरकर वहा के ऐतिहासिक स्थानों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से हासिल किया। नए साल की पहली सुबह बच्चे भगवान राम का जयकारा लगाते हुए सरयू नदी के तट पर पहुंचकर के स्नान किया और भगवान राम की प्रतिमा को देखने के लिए वहां से रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने अन्य ऐतिहासिक मंदिरों जैसे हनुमान गढ़ी, जैन मंदिर दशरथ मंदिर और अन्य ऐतिहासिक स्थलों को देखा। लाखो की भीड़ के बीच छात्र और शिक्षक भगवान राम की प्रतिमा को देखने के लिए लालायित होते दिखे और अंत में जब भगवान राम के दर्शन हुए तो सभी छात्रों और शिक्षकों का मन आनंद से भाव विभोर हो उठा। भगवान रामलला की मूर्ति और मंदिर बहुत ही भव्य दिखा। विदित रहे की उत्कृष्ट विद्यालय सीधी की शैक्षिक भ्रमण का यह तीसरा सोपान है। इसके पहले विद्यालय की टीम ने चित्रकूट में भी यात्रा कर चुकी है। इस यात्रा में छात्रों के अलावा विद्यालय के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी, शिक्षक रोहिणी प्रसाद पाठक राकेश शुक्ला, श्रीमती अमृता सिंह बघेल, श्रीमती नेहा पटेल, श्रीमती शशि गौतम, श्रीमती शैलेश गौतम अनिल कुशवाहा अन्य साथी शिक्षक और शिक्षिकाए, विद्यालय छात्र- छात्राओं के साथ यात्रा में शामिल रहे।

# सनातन धर्म आज भी आजाद नहीं हुआ है: शक्तिपुत्र

**सीधी।** पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक संचालक धर्म सम्राट की चेतना पुरस्कार एवं योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने आग्ल नव वर्ष के अवसर पर जनमानस को बीएमकेएस यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव आकर नई चेतना एवं आशीर्वचन प्रदान किया। इस मौके पर भुईमाड़ सहित सीधी जिले भर के हजारों शिष्यों ने इस चिंतन को सुना। शक्तिपुत्र जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म का नया वर्ष चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस होता है। जहां पर पूरी प्रकृति में परिवर्तन होता हैए लेकिन अंग्रेजों द्वारा जो परंपरा डाली गई थी वह आज भी चल रही है लेकिन हमें सजगता के साथ जीवन जीना है। जहां आज का युवा वर्ग नशे के दलदल में फंसता जा रहा है। अश्लीलता की दृश्य में अपना जीवन बर्बाद कर रहा है। सनातन धर्म के लोगों को इस दिन भी आध्यात्मिक तरीके से धार्मिक अनुष्ठान करके समाज को एक नई दिशा देनी चाहिए जिसके लिए भगवती मानव कल्याण संगठन ने देश स्तर पर दस हजार से अधिक स्थानों पर मां भगवती जगत में मां के अनुष्ठान किए गए हैं। महाराज जी ने कहा की वर्तमान की परिस्थितियों को देखकर लगता है कि हमारा सनातन धर्म आज भी आजाद नहीं हुआए आजाद हुआ था तो इस्लाम धर्म जो धर्म को आधार बनाकर पाकिस्तान के नाम पर अलग देश बना। भारत आजाद होते ही मुसलमान के हाथ में देश का शिक्षा विभाग सौपा गया जिसने देश की शिक्षा में ऐसा जहर घोला कि सनातन की चेतना आज भी सोई हुई है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य याँत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)**

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

**निविदा सू0क0 10/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/24-25 सीधी दिनांक 01.01.2025**

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.01.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 10.01.2025 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- **Tender For Republic Day Program at PHE Division Sidhi District :- Sidhi**

| S. N. | Tender ID | Block | Sidhi District | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO. Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_392191_1 | सीधी | सीधी | 1.80 | 3600 | 2000 | Second Call |
| | | | | | | | |

जी-21117/24

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी (म.प्र.)

## संपादकीय

### मानसिक और भावनात्मक रूप से कमजोर होते जा रहे बच्चे

अगर माता-पिता अपने बच्चे को वक्त बर्बाद न करने और पढ़ाई करने की हिदायत देते हैं, तो यह बच्चों के हित में ही होता है। मगर विडंबना है कि आजकल बहुत सारे बच्चों में ऐसी प्रवृत्ति देखी जा रही है, जो उनके भावनात्मक या मानसिक रूप से बेहद कमजोर होने का संकेत देती है। बहुत मामूली बातों पर किसी बच्चे के भीतर इतना गुस्सा उभरता है कि या तो वह प्रतिक्रिया स्वरूप अपने सामने के किसी व्यक्ति को या फिर खुद को ही नुकसान पहुंचा देता है।पिछले कुछ समय से अक्सर ऐसी खबरें सामने आने लगी हैं, जिनमें अभिभावक ने अपने बच्चे को पढ़ाई करने के लिए थोड़ा डांटा तो बच्चा इस कदर तनाव में आ गया कि उसने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से शनिवार को ऐसी ही एक खबर आई, जिसमें बारहवीं कक्षा में पढ़ाई करने वाली सत्रह वर्ष की एक बच्ची को उसके पिता ने पढ़ाई करने के लिए थोड़ी डांट लगाई, तो उसके बाद बच्ची ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।इससे पहले, हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में भी एक बच्ची ने सिर्फ इसलिए अपनी जान दे दी कि उसकी मां ने उसे ज्यादा मोबाइल देखने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान देने को कहा। बच्चों के भीतर उभर रही इस तरह की प्रवृत्ति व्यापक चिंता का कारण बनने लगी है। यह कहा जा सकता है कि किशोरावस्था में कई स्तर पर मानसिक उथल-पुथल के नाजुक दौर से गुजर रहे बच्चों से संवेदनशीलता के साथ पेश आना चाहिए।लेकिन इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि बच्चों के भीतर सहनशीलता और धैर्य की इस कदर कमी होने के पीछे कौन-सी परिस्थितियां और वजहें जिम्मेदार हैं कि वे अपने अभिभावकों की वैसी बातों पर भी काबू खो बैठते हैं, जो उनके हित के लिए कही गई होती हैं। मानवीय व्यवहार की कसौटियां और आधुनिक तकनीकी के संजाल के बीच इस जटिल होती समस्या पर समय रहते विचार करने की जरूरत है कि बच्चों के साथ बर्ताव और उनके भीतर प्रतिक्रिया के मामले में किस तरह एक संतुलित और परिपक्व समझ का विकास किया जा सकता है।

**अरविन्द केजरीवाल ने तो दिल्ली में अपनी हार की संभावनाओं को देखते हुए सारी हदें पार कर दी है। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेय या भाजपा की ही नहीं है, बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है। 'मुफ्त की सौगात' राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल है, एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फ गरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है, जिसके पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है।**

# दिल्ली चुनावों पर 'रेवड़ी कल्चर' का खतरनाक साया

(ललित गर्ग )

रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राजनीतिक सरगर्मी उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी मतदाताओं को लुभाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। चुनाव से पहले अब आम आदमी पार्टी ने एक ऐसी लुभावनी, मतदाताओं को आकर्षित करने की योजना की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए महीने दिए जाएंगे। इस योजना का नाम पुजारी-ग्रंथी योजना है। मुस्लिम धर्म एवं उनके अनुयायियों को रिझाते-रिझाते एकदम से केजरीवाल को हिन्दू धर्म के पुजारी एवं सिख धर्म के ग्रंथी क्यों याद आ गये? विडम्बना है कि विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने, तोहफों, लुभावनी घोषणाएं एवं योजनाओं की बरसात करने का माध्यम बनते जा रहे हैं। बजट में भी 'रेवड़ी कल्चर' का स्पष्ट प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, खासकर तब जब उन राज्यों में चुनाव नजदीक हों। 'फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक पार्टियां राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकती है। अरविन्द केजरीवाल ने तो दिल्ली में अपनी हार की संभावनाओं को देखते हुए सारी हदें पार कर दी है। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेय या भाजपा की ही नहीं है, बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है।

'मुफ्त की सौगात' राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल है, एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फ गरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है, जिसके



पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जताई थी। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं। कई बार तो वे अपात्र लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देने के वादे कर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। यदि कोई नेता या राजनीतिक दल गरीबों को कोई सुविधा मुफ्त देने का वादा कर रहा है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि वह उसके लिए धन कहां से लाएगा? अनेक अर्थशास्त्री मुफ्त उपहार बांटकर लोगों के वोट खरीदने की खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति आगाह कर चुके हैं, लेकिन उनकी चिंताओं से नेता बेपरवाह हैं। वे यह देखने को तैयार ही नहीं कि अनाप-शनाप चुनावी वादों को पूरा करने की कीमत क्या होती है और उनसे आर्थिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है।

रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। दिल्ली में महिलाओं एवं किन्नरों को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा की घोषणाएं की गयी है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल करोड़ों रुपये तक का नुकसान हुआ है। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। लेकिन केजरीवाल ने ऐसी विकृत राजनीति को जन्म दिया है, जिसमें विकास पीछे छूट गया है। राजनीतिक दलों में ऐसी 'मुफ्त की संस्कृति' की प्रतिस्पर्धा का परिणाम अनुसंधान एवं विकास व्यय, स्वास्थ्य व शिक्षा व्यय और रक्षा व्यय में कमी के रूप में देखने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पिछले दस वर्षों में दिल्ली का विकास ठप्प है। हम दक्षिण कोरिया के रास्ते पर चलकर भविष्य में एक विकसित अर्थव्यवस्था बनेंगे या हमेशा एक 'विकासशील राष्ट्र' बने रहेंगे, यह हमारे द्वारा अभी चुने गए विकल्पों से निर्धारित होगा। ऐसी मुफ्त की सुविधा, सम्मान एवं लोकलुभावन की घोषणाओं से कहीं हम पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की तरह अपनी अर्थ-व्यवस्था को रसातल में न ले जाये? आप सुप्रीमो ने केवल आप सरकारों बल्कि विपक्षी दलों को अपने राज्यों में पुजारियों-ग्रंथियों को सम्मान राशि देने जैसे परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि वे नई योजना में बाधा न डालें, ऐसा करके वे भगवान को क्रोधित करेंगे। भला राजनीतिक स्वार्थ की रोटियों के बीच भगवान कहां से आ गये? शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूत योजनाएं तो ठीक से चला नहीं पाते, अच्छे-भले सम्पन्न एवं निष्कंटक जीवन का निर्वाह करने वाले लोगों के लिये मुक्त की सुविधाएं कैसे कल्याणकारी हो सकती है? पंजाब विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा की थी, क्या हुआ उस योजना का? दिल्ली में 250 से अधिक इमामों को 17 महीने से अधिक समय से वेतन नहीं मिला है। मुफ्त बिजली एवं पानी देने की घोषणाएं भी ठण्डे बस्ते में चली गयी। ऐसी अनेक घोषणाएं हैं जो चुनावी मुद्दा तो बनती है, मतदाताओं को लुभाती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद धरती पर उतरती कभी नहीं। सभी राजनीतिक दलों की बड़ी लुभावनी घोषणाएं होती हैं, घोषणा पत्र होते हैं-जनता को पांच वर्षों में अमीर बना देंगे, हर हाथ को काम मिलेगा, सभी के लिए मकान होंगे, सड़कें, स्कूल-अस्पताल होंगे, बिजली और पानी, हर गांव तक बिजली पहुंचाई जायेगी, शिक्षा-चिकित्सा निःशुल्क होगी। ये राजनीतिक घोषणाएं पांच साल में अधूरी ही रहती है, फिर चुनाव की आहट के साथ रेवडियां बांटने का प्रयत्न किया जाता है, कितने ही पंचवर्षीय चुनाव हो गये और कितनी ही पंचवर्षीय योजनाएं पूरी हो गईं पर यह दुनिया का आठवां आश्चर्य है कि कोई भी लक्ष्य अपनी समग्रता के साथ प्राप्त नहीं हुआ।

# नई लकीर खींचने की कोशिश में जुटे मोहन यादव

**मोहन यादव महाकाल की नगरी उज्जैन के निवासी है। उज्जैन में ही भगवान कृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा ली थी। मोहन यादव कहते हैं कि कंस-वध के बाद कान्हा जी चाहते तो खुद सिंहासन पर बैठ सकते थे। लेकिन उन्होंने कुर्सी की बजाय शिक्षा को चुना और उज्जैन चले आए। जहां सुदामा से उनकी ऐसी मित्रता हुई, जिससे दुनिया आज भी सीख लेती है। मोहन यादव ने कान्हा की याद में 'श्रीकृष्ण पाथेय' परियोजना की कल्पना की है।**

(उमेश चतुर्वेदी)

मोहन यादव महाकाल की नगरी उज्जैन के निवासी है। उज्जैन में ही भगवान कृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा ली थी। मोहन यादव कहते हैं कि कंस-वध के बाद कान्हा जी चाहते तो खुद सिंहासन पर बैठ सकते थे।

विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत के बाद मध्य प्रदेश में बीजेपी ने तकरीबन अपरिचित चेहरे को राज्य की कमान सौंपने का फैसला लिया, तो राजनीतिक हलकों में हैरत जताई गई थी। उन्हीं मोहन यादव ने बतौर मुख्यमंत्री सालभर की यात्रा पूरी कर ली है। मंत्री के तौर पर मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन का हिस्से रहे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें समझ आया कि एक या दो विभाग संभालना अलग बात है और पूरे राज्य की कमान के साथ राजनीतिक संतुलन बनाए रखना कठिन चुनौती है। लेकिन मोहन यादव ने इस चुनौती को ना सिर्फ संभाल लिया है, बल्कि नवाचार के साथ शासन और प्रशासन को बखूबी संभाल रहे हैं। शासन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष भेंट में मोहन यादव ने अपनी चुनौतियों के साथ ही अपने सपनों को जिस सहज अंदाज में साझा किया, वह उनकी राजनीति और चरित्र को समझने का सूत्र है।

बड़ा राजनीतिक दल हो या संभ्रांत परिवार, हर नए नेतृत्व के सामने अक्सर अतीत और पूर्वज से तुलना का सवाल उठ खड़ा होता है। अगर अतीत का नेतृत्व विराट रहा हो तो नए नेतृत्व के हर कदम को पुराने की कसौटी पर कसा जाना स्वाभाविक है। मोहन यादव को बखूबी पता है। वे खुद भी स्वीकार करते हैं कि उनके मुख्यमंत्री बनने से पहले करीब साढ़े अठारह साल तक राज्य में बीजेपी की सत्ता रही। उसकी कमान जिन हाथों में रही, वे प्रभावशाली रहे। मोहन यादव स्वीकार करते हैं कि उनके नेताओं ने जो वायदे किए, जिस जैसा शासन चलाया, उन्हें पूरा करना और उस परिपाटी को बरकरार रखना उनका पाथेय है। मोहन यादव को पता है कि उन्हें अपनी भी एक नई लकीर खींचनी होगी। वे खुलकर इसे स्वीकार नहीं करते, बल्कि खुद को विनम्र कार्यकर्ता बताते हैं। मध्य प्रदेश को लेकर उनके भी अपने कुछ सपने हैं। सपना यह कि समृद्ध और वैविध्यपूर्ण प्राकृतिक संपदा वाला उनका राज्य समृद्ध बने, आर्थिक रूप से समृद्ध हो, कृषि विकास की मौजूदा दर बनी रहे और किसान लगातार समृद्ध होते रहें। सांस्कृतिक रूप से संपन्न राज्य की भारत ही नहीं, वैश्विक मानचित्र पर गहन पहचान भी बने। इन सपनों को हकीकत बनाने के लिए वे अहर्निश जुटे हैं। उनका कहना है कि सोते-जागते हर वक्त उन्हें एक ही चिंता रहती है, यह कि मध्य प्रदेश समृद्ध हो, संपन्न हो और अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के साथ आगे बढ़ता रहे।

मोहन यादव महाकाल की नगरी उज्जैन के निवासी है। उज्जैन में ही भगवान कृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा ली थी। मोहन यादव कहते हैं कि कंस-वध के बाद कान्हा जी चाहते तो खुद सिंहासन पर बैठ सकते थे। लेकिन उन्होंने कुर्सी की बजाय शिक्षा को चुना और उज्जैन चले आए। जहां सुदामा से उनकी ऐसी मित्रता हुई, जिससे दुनिया आज भी सीख लेती है। मोहन यादव ने कान्हा की याद में 'श्रीकृष्ण पाथेय' परियोजना की कल्पना की है। मोहन यादव कहते हैं कि कंस वध के बाद मथुरा से चलकर कृष्ण उज्जैन आए। यहां उन्होंने शिक्षा ली। 'श्रीकृष्ण पाथेय' के तहत उज्जैन को मथुरा से जोड़ने की योजना है। इस पथ पर तीन राज्य हैं। कृष्ण उत्तर प्रदेश के मथुरा से राजस्थान होते हुए मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचे थे। श्रीकृष्ण पाथेय करीब साढ़े छह सौ किलोमीटर का होगा। इस पाथेय के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल से मोहन यादव की बात हो चुकी है। यह संयोग ही है कि भजनलाल और मोहन यादव ने तकरीबन साथ-साथ अपने-अपने राज्यों में कमान संभाली थी। मोहन यादव की योजना है कि इस पाथेय को गुजरात के द्वारका तक बढ़ाया जाए। इस सिलसिले में गुजरात सरकार से भी मध्य प्रदेश की बातचीत चल रही है। श्रीकृष्ण पाथेय सही मायने में सांस्कृतिक पथ होगा। मोहन यादव कहते हैं कि लोकजागरण भी उनकी जिम्मेदारी है। इस पाथेय के जरिए दुनिया को दो संदेश देने की कोशिश होगी, पहला शिक्षा का संदेश और दूसरा अमीर-गरीब की मित्रता का संदेश। समाज को जोड़ने में शिक्षा और मित्रता का योगदान अनमोल है। इस पाथेय पर श्रीकृष्ण जहां-जहां रूके, उन-उन जगहों, तीर्थों को विकसित करने और पाथेय पर हस्तशिल्प कलस्टर को बनाने की तैयारी है। इससे जहां पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

मध्य प्रदेश सरकार साल 2024 में लाड़ली बहना योजना पर 9 हजार 455 करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च की है। जिसका फायदा राज्य की एक करोड़ 29 लाख महिलाओं को मिला है। बेशक ऐसी योजनाएं सरकारों के लिए फायदेमंद साबित हुई हैं, लेकिन एक वर्ग के निशाने पर भी ये योजनाएं हैं। मोहन यादव को भी पता है कि ऐसी कल्याणकारी योजनाओं को लंबे समय तक चलाना तभी संभव होगा, जब राज्य की आर्थिक सेहत अच्छी हो। इसलिए राज्य में इन्वेस्टर समिट किए जा गए। राज्य स्तर पर सातवां निवेशक सम्मेलन फरवरी 2025 में होना है। ये सम्मेलन संभागीय स्तर पर भी आयोजित किए जाते रहे। इन सम्मेलनों से अब तक राज्य को चार लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव मिल चुका है। जिसे और बढ़ाने की तैयारी है।

## वर्ग पहेली 5601



संकेतः बाएं से दाएं
1. 14 अगस्त इस पडोसी देश का स्वाधीनता दिवस है (4)
4. उत्तरप्रदेश की लोकसभा की इस सीट से स्मृति ईरानी सांसद है (3)
6. दूल्हा -दुल्हन (4)
7. दस्तावेज लिखित, कमलबंद (3)
8. अगर, जो (2)
10. आपति, आक्रमण (2)
12. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु, अनुमेय (2)
13. अधिकार, स्वामित्व, इख्तियार (2)
14. शान-शौकत (4)
16. मक्खन, माखन (4)
17. मुगलकाल में प्रवेश का प्रधानशासक यह कहलाता था (3)
19. दिनांक, तारीख (2)
21. घोड़े कीपीठ पर रखने की गद्दी (2)
22. गेहूं की तरह एक प्रसिद्ध अन्न (1)
23. लहू, रुधिर (2)

ऊपर से नीचे
1. कुंती का एकनाम पृथा भी था इनके पुत्र युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन ये तीनों को यह कहा जाता है पर अधिकतर अर्जुन के लिए यह कहा जाता है (2)
2. स्तुति वादक को यह भी कहा जाता है (3)
3. नम्र होने की अवस्था, अनैतिक (3)
4. न्याय के विरुद्ध कार्य, अनैतिक (3)
5. उपयुक्त, युक्ति संगत, मनोनुकूल (2)
7. तंत्र-मंत्र विधि से बनाय यंत्र (5)
9. मैत्री, दोस्ती, सान्तना, ढाढ़स (5)
10. रहने का तरीका या ढंग, गिरवी रखना (3)
11. समय, बेला (2)
14. फैलाव या तनाव होने की स्थिति यह भी कहलाती है (3)
15. आदत, जड़हन के खेत मे रोपी हुई धान की जूरी, समुद्र में ऊंची उठती लहर (2)
18. निर्मित या रचित होना, अस्तित्व प्रदान होना, काम के योगय होना (3)
20. गतिहीन, स्थितर, अचल, न डिगने वाला (2)

### वर्ग पहेली 5600 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | ली | मा | न | स | ती | न |
| ब | न | ना | | ज | ल | ज | |
| ला | म | | सा | फ | | न | न |
| | क | बी | र | | मा | ल | वा |
| उ | दा | र | | आ | शा | | ब |
| मा | | ब | द | न | | रो | आ |
| प | ह | ल | | बा | ग | | दा |
| ति | ल | | जी | न | त | | |

# मनमोहन सिंह, आप याद रहेंगे

(शशि शेखर)

पिछले दो दिन के अखबार देख लीजिए। उनकी प्रशंसा में पन्ने रंगे पड़े हैं। सोशल मीडिया में सैकड़ों वीडियो और लेख उन पर साझा किए जा चुके हैं। एक व्यक्ति, जो पिछले 10 सालों से राजनीतिक वार्धक्य के अंधियारे में छिपा हो, उसके लिए सहज भूल जानेज

इतिहास की पोथियों में मेरा नाम कैसे दर्ज किया जाएगा? क्या यह सवाल मनमोहन सिंह को भी मथता रहता था? ऐसा न होता, तो वह अपने एक संवाददाता सम्मेलन में कतई यह नहीं कहते कि इतिहास मेरे प्रति अधिक उदार होगा। वैसे इस प्रश्न का उत्तर बहुत कठिन नहीं है।

पिछले दो दिन के अखबार देख लीजिए। उनकी प्रशंसा में पन्ने रंगे पड़े हैं। सोशल मीडिया में सैकड़ों वीडियो और लेख उन पर साझा किए जा चुके हैं। एक व्यक्ति, जो पिछले 10 सालों से राजनीतिक वार्धक्य के अंधियारे में छिपा हो, उसके लिए सहज भूल जाने वाली इस दुनिया में ऐसा सम्मान सामान्य नहीं है। उनका काम यकीनन आने वाले वर्षों में उन्हें और अधिक मान्यता दिलाएगा।

ऐसा कहने के पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि मैंने खुद मनमोहन सिंह को नजदीक से देखा है। उनके साथ दर्जन भर से अधिक विदेशी दौरों पर मैंने पाया कि जो लोग उन्हें कमजोर अथवा मौकापरस्त मानते हैं, वे सिरे से गलत हैं। कुछ उदाहरण देता हूं।

हम बीजिंग की उड़ान पर थे। प्रधानमंत्री के तत्कालीन मीडिया सलाहकार संजय बारू ने सूचित किया कि कुछ ही देर में प्रधानमंत्री आप लोगों से रूबरू होंगे। उस समय मनमोहन सिंह की सरकार वामपंथी दलों के सहयोग की बैसाखियों पर टिकी हुई थी। वामपंथियों का मानना था कि भारत के लिए परमाणु बिजली संयंत्र आवश्यक नहीं हैं। वे अमेरिका से किसी भी समझौते के खिलाफ थे। उनका स्पष्ट मत था, अगर आपको अमेरिका से किसी भी तरह का समझौता करना है, तो कृपया नोट कर लें कि हम आपके साथ नहीं रहेंगे। इसका मतलब था, सरकार का गिर जाना। प्रधानमंत्री जैसे ही मीडिया से रूबरू हुए, सबसे पहला प्रश्न यही पूछा गया कि आपकी हुकूमत वाम दलों की मर्जी पर निर्भर है, ऐसे में आप कैसे अमेरिका से समझौता करेंगे?

जवाब मिला- 'जरूरी नहीं कि हमारी हर इच्छा पूरी हो जाए, कभी-कभी हमें व्यापक हित के लिए अपने कदम वापस खींचने पड़ते हैं।' मतलब साफ था कि भारत समझौते से पीछे हट रहा है। दर-हकीकत ऐसा नहीं था। मनमोहन सिंह ने जान-बूझकर अपने कदम पीछे खींचे थे। वह और उनकी पार्टी कांग्रेस अंदरखाने मुलायम सिंह यादव से बात कर रहे थे। समाजवादी पार्टी के पास उस समय इतने सांसद थे कि यदि वामपंथी पीछे हट जाते, तब भी सरकार नहीं गिरती। मनमोहन सिंह ने जान-बूझकर ऐसा जताया था कि वह अनिच्छापूर्वक पीछे हटे हैं, जबकि मशीनरी उसी दौरान अमेरिका से भी समझौते की अंतिम शर्तें तय करने में जुटी हुई थी। इसका खुलासा अगली विदेश यात्रा में हुआ। हम उनके साथ जापान को उड़ चले थे। इस बार सवाल पूछा गया कि आपकी मुलाकात जापान की धरती पर अमेरिकी राष्ट्रपति से होने वाली है?

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए तरक?की के योग हैं। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के योग अच्छे हैं और आपको आर्थिक लाभ होगा। आर्थिक मामलों में लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं और आपके सम?मान में वृद्धि होगी।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप किसी प्रकार की नई योजना पर काम कर सकते हैं। यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम की वृद्धि होगी।

### मिथुन
आज दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको मनचाहा लाभ होगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वही आपको करने को मिलेगा और आपके मन में प्रसन?नता का भाव रहेगा।

### कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा और मेहनत व लगन से आपका काम सफल होगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### सिंह
आज करियर में लाभ होगा और आपका पूरा दिन बिजी रहेगा। छात्रों को पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। लेकिन आपको उनकी परवाह किए बिना अपने काम पर फोकस करने की सलाह है।

### कन्या
आज करियर में लाभ के योग हैं। आपको मनचाही सफलता हासिल होगी और आपका भाग्य भी साथ देगा। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए। आपको इस बात का पूरा ध्?यान रखने की जरूरत है। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

### तुला
आज करियर के मामले में दिन लाभ से भरा होगा और आपको रुके कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपके कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ जाएंगे और आप नए सिरे से अपने काम को पूरा करेंगे। आपके जीवन में तरक?की होगी और योजनाएं पूर्ण होंगी

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आर्थिक मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए मेहनत करते रहें तो आपको मुकाम हासिल होगा। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं।

### धनु
आज दिन सावधानी और सतर्कता से काम करने का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से अलग कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

### मकर
आज दिन सामान?य है और सब कुछ रोजाना की तरह होता रहेगा। साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने की कोशिश करेंगे। आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा। अपने काम में सावधानी रखें, वरना कोई समस्या पैदा हो सकती है। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें।

### मीन
आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। बाहर जाते समय सर्तकता बरते। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। कार्यस्थल पर विरोधियों का पराभव होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उद्धव ठाकरे को फिर झटका, पुणे के 5 बड़े नेता भाजपा में एक साथ हुए शामिल



**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को फिर झटका लगा है। खबर है कि बुधवार को पार्टी के एक साथ कई पूर्व पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। खास बात है कि दल बदल ऐसे समय पर हुआ है, जब मुंबई में बीएमसी यानी बृहमुंबई महानगरपालिका चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। हालांकि, अभी चुनाव की तैयारियों का ऐलान नहीं हुआ है। पुणे से पांच पूर्व पार्षद भाजपा में शामिल हो गए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में पांचों ने भाजपा ज्वाइन की। इनमें विशाल धनावडे, बाला ओसवाल, संगीता थोसार, पल्लवी जवाले और प्राची अल्हट का नाम शामिल है। खास बात है कि ये सभी पीएमसी में कई बार पदों पर रह चुके हैं। दल बदलने वाले ओसवाल बिब्वेवाड़ी इलाके से आते हैं। उन्होंने लिखा, मैंने पार्टी छोड़ने का फैसला कर लिया है और मेरा फैसला अंतिम है। मैं जानता हूं कि इससे शिवसैनिकों को बुरा लगेगा, लेकिन मैंने हमेशा उनके साथ व्यक्तिगत रिश्ता बरकरार रखने की कोशिश की है। मेरा फैसला मेरे राजनीतिक भविष्य के हित में है। ओसवाल के पार्टी छोड़ने को शिवसेना यूबीटी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। कस्बा पेठ क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले धनावडे बताते हैं, मजबूत आधार होने के बाद भी राज्य या शहर स्तर पर पार्टी को मजबूत करने में किसी को दिलचस्पी नहीं है। पार्टी को लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़ने के मौके नहीं मिले हैं। पुणे शहर में पार्टी को बगैर सहारा जैसा महसूस होता है...। बीते पांच सालों में पुणे में पार्टी की पहुंच को बढ़ाने के इरादे से कोई भी बैठक नहीं हुई है।

### उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी, सीएम धामी ने सोशल मीडिया पोस्ट से दिए संकेत

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में जल्द ही यूसीसी यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर साल के पहले दिन एक पोस्ट किया. इस पोस्ट का निष्कर्ष यही है कि उत्तराखंड में बहुत जल्द समान नागरिक संहिता लागू होने जा रही है. इससे पहले भी सीएम धामी जनवरी 2025 में यूसीसी लागू करने की बात कह चुके हैं. उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी: उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा- देवभूमि उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से हम प्रदेश में नागरिकों को समान अधिकार देने के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने जा रहे हैं, यह क़ानून न केवल समानता को बढ़ावा देगा बल्कि देवभूमि के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा। सीएम धामी ने सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट: इस पोस्ट के साथ सीएम धामी ने जो पोस्टर साझा किया है उसमें शीर्षक है उम्मीदों का नया साल 2025. पोस्टर में बाएं ओर लिखा है समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड. दाएं तरफ लिखा है प्रदेश के समस्त नागरिकों को मिलेंगे समान अधिकार, अन्य राज्यों के लिए उत्तराखंड बनेगा पथ प्रदर्शक. पोस्टर में समान नागरिक संहिता का सांकेतिक चित्र है. इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ सीएं धामी की फोटो भी लगी है. पीएम मोदी ने तस्वीर में भगवा रंग की उत्तराखंडी टोपी पहनी है. वहीं सीएम धामी ने भी उत्तराखंड की पारंपरिक टोपी पहनी हुई है. पीएम और गृहमंत्री कर चुके हैं तारीफ: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की इस पोस्ट से लग रहा है कि बहुत जल्द उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा. अगर ऐसा होता है तो उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा जहां यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा।

### सुक्खू और उनके मंत्रिमंडल ने बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ने का किया ऐलान

**शिमला, एजेंसी।** नए साल की शुरुआत के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के हित में अपनी ओर से एक कदम उठाया है। सुक्खू और उनके मंत्रिमंडल ने बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ने का ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने प्रदेश के आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से भी स्वेच्छा से बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी त्यागने की अपील की है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह कदम हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने और राज्य की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। अपने सरकारी आवास ओकओवर में बुधवार को पत्रकार वार्ता में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता अमीर है, लेकिन सरकार गरीब। उन्होंने जनता से प्रदेश हित में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि साधन संपन्न लोग बिजली सब्सिडी छोड़कर समाज और राज्य के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि इस दिशा में पहला कदम मंत्रिमंडल ने खुद से उठाया है। मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी त्याग रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि उनके नाम पर पांच बिजली के मीटर हैं।

# मुंबई-जयपुर में तैयार होते थे नकली हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, पुलिस ने खोजा असली सरगना

**गोरखपुर, एजेंसी।** फर्जी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की जांच कर रही गोरखपुर पुलिस को बरगलाने वाले संजय गर्ग के मोबाइल फोन की मदद से पुलिस ने असली सरगना का नाम खोज लिया है। जांच में पता चला है कि जयपुर का मूल निवासी एक युवक ही गिरोह का सरगना है और वह मुंबई में भी रहता है। जयपुर और मुंबई से ही फर्जी नंबर प्लेट का धंधा पूरे देश में चलाया जा रहा है।

सरगना को बचाने के लिए संजय गर्ग ने गलत नाम बताया था। संजय के बताए नाम, पते पर पुलिस गई, तो सच्चाई सामने आ गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपित संजय के मोबाइल कॉल डिटेल और सर्विलांस की मदद से जांच को आगे बढ़ाया। खबर है कि सरगना की गिरफ्तारी के लिए अगले सप्ताह टीम मुंबई व जयपुर जाएगी। दरअसल, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट तैयार करने वाली असली कंपनी की शिकायत के बाद ही यह मामला सामने आया। लखनऊ की रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को उत्तर प्रदेश में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने का ठेका मिला है। कंपनी के पास गोरखपुर से फर्जी नंबर प्लेट की शिकायत आ रही थी। कंपनी के रीजनल हेड मो. सारिक ने कोतवाली थाने में 31 जुलाई को केस दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने अलीनगर की एक दुकान पर छापा मारकर रसूलपुर निवासी एहसान अली को गिरफ्तार किया।



अली को गिरफ्तार किया। फर्जी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की जांच कर रही गोरखपुर पुलिस को बरगलाने वाले संजय गर्ग के मोबाइल फोन की मदद से पुलिस ने असली सरगना का नाम खोज लिया है। जांच में पता चला है कि जयपुर का मूल निवासी एक युवक ही गिरोह का सरगना है और वह मुंबई में भी रहता है। जयपुर और मुंबई से ही फर्जी नंबर प्लेट का धंधा पूरे देश में चलाया जा रहा है।

सरगना को बचाने के लिए संजय गर्ग ने गलत नाम बताया था। संजय के बताए नाम, पते पर पुलिस गई, तो सच्चाई सामने आ गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपित संजय के मोबाइल कॉल डिटेल और सर्विलांस की मदद से जांच को आगे बढ़ाया। खबर है कि सरगना की गिरफ्तारी के लिए अगले सप्ताह टीम मुंबई व जयपुर जाएगी। दरअसल, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट तैयार करने वाली असली कंपनी की शिकायत के बाद ही यह मामला सामने आया। लखनऊ की रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को उत्तर प्रदेश में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने का ठेका मिला है। कंपनी के पास गोरखपुर से फर्जी नंबर प्लेट की शिकायत आ रही थी। कंपनी के रीजनल हेड मो. सारिक ने कोतवाली थाने में 31 जुलाई को केस दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने अलीनगर की एक दुकान पर छापा मारकर रसूलपुर निवासी एहसान अली को गिरफ्तार किया।

एहसान ने पुलिस को बताया था कि जयपुर के व्यक्ति के पास गाड़ी का नंबर व्हाट्सएप करने पर वह कूरियर के माध्यम से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट तैयार कर भेजता था। इसके बाद 27 अक्तूबर को पुलिस ने जयपुर के शांतिनगर मोहल्ले के रहने वाले संजय गर्ग को गिरफ्तार किया। 48 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर पुलिस उसे लेकर गोरखपुर आई। पूछताछ में संजय ने देश के 10 राज्यों हरियाणा, मुंबई, राजस्थान, दिल्ली, यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़, नगालैंड, पंजाब और उत्तराखंड में फैले नेटवर्क के बारे में बताया था। लेकिन, सरगना के बारे में पुलिस को गलत जानकारी दी। पूछताछ के बाद पुलिस जब सरगना को पकड़ने उसके मुंबई और जयपुर के ठिकानों पर पहुंची, तब पता चला कि वहां तो कोई ऐसा व्यक्ति रहता ही नहीं है। पुलिस ने पूरी तस्दीक कर ली है कि वह कौन युवक है, जिसकी मदद से पूरे देश में अवैध धंधा फैला हुआ है।

**गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित :** एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि फर्जी नंबर प्लेट के अवैध धंधे के सरगना के बारे में पुलिस को जानकारी मिल गई है। उसके गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं, जो जानकारी जुटा रही हैं। जल्द ही दो टीमें अलग-अलग जयपुर व मुंबई जाएगी। सरगना के गिरफ्तारी के बाद जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का मानना है कि सरगना की गिरफ्तारी के बाद यह भी साफ हो जाएगा कि किस जिले में कौन सा शख्स इस धंधे से जुड़ा है और इस धंधे को कैसे संचालित किया जा रहा है।

## शरद पवार हमारे देवता, एनसीपी के दोनों धड़े जल्द हों एक; प्रफुल्ल पटेल की अपील



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा की भारी जीत के बाद, अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी पर अलग-थलग पड़ने का संकट गहराता दिख रहा है। इस राजनीतिक परिदृश्य में अब अजित पवार और उनके सहयोगियों को शरद पवार की अहमियत का अहसास होने लगा है। एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने हाल ही में दोनों धड़ों के एकजुट होने की सार्वजनिक अपील करते हुए इसे पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की साझा इच्छा बताया। अजित पवार की मां आशा पवार ने नए साल पर पंढरपुर स्थित विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर में प्रार्थना करते हुए शरद पवार और अजित पवार के बीच सभी मतभेद खत्म होने की कामना की। उन्होंने कहा, मैंने प्रार्थना की कि शरद पवार और अजित पवार फिर से एक हो जाएं और सभी विवाद समाप्त हो जाएं। उनके इस बयान के बाद पार्टी के कई नेताओं ने भी ऐसा ही संदेश दिया। प्रफुल्ल पटेल ने इसे भावनात्मक मुद्दा बताते हुए कहा, शरद पवार हमारे देवता हैं। यदि परिवार एकजुट हो जाता है, तो यह हम सभी के लिए खुशी की बात होगी। वहीं, एनसीपी विधायक नरहरि जिरवाल ने भी शरद पवार के प्रति अपनी वफादारी व्यक्त की और कहा कि उन्हें शरद पवार से अलग होने पर असहजता महसूस होती है। एनसीपी (अ) के प्रवक्ता अमोल मिटकरी ने भी दोनों धड़ों के एक होने की संभावना जताई, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि शरद पवार के करीबियों जैसे जितेंद्र आव्हाड और रोहित पवार से इस एकता में रुकावट पैदा हो सकती है।

## नया साल मनाने जम्मू कश्मीर पहुंचे तीन दोस्तों की संदिग्ध हालत में मौत; होटल के कमरे से मिली लाश

**डोडा, एजेंसी।** नए साल के मौके पर जम्मू कश्मीर पहुंचे तीन दोस्तों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस ने बताया है कि बुधवार शाम को जम्मू और कश्मीर के भद्रवाह में एक गेस्ट हाउस में तीनों युवक मृत अवस्था में पाए गए। तीनों नए साल का जश्न मनाने के लिए भद्रवाह आए थे। मृतकों की पहचान 39 साल के मुकेश सिंह, आशुतोष सिंह और सनी चौधरी के रूप में हुई है। तीनों युवक जम्मू के रहने वाले थे। मामला तब सामने आया जब मृतकों में से एक युवक के परिवारवालों ने उसे कई बार फोन किया लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद परिवार वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।डोडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप मेहता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया, हमें जम्मू से एक कॉल आया कि आशुतोष अपने दो दोस्तों के साथ भद्रवाह में नया साल मनाने आया था। वह फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहा था। हमारी टीम ने उन्हें ट्रैक किया और उनका पता लगाया। वे एक होटल के कमरे में ठहरे थे। पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि दरवाजा अंदर से बंद था। काफी कोशिशों के बाद जब टीम कमरे में घुसी तो उन्होंने तीनों लोगों को बेहोशी की हालत में पाया। उन्होंने कहा, एक फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

## आप सरकार ने किसानों के हित में मौजूद केंद्र की योजनाओं को लागू होने से रोका : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने गुरुवार को सीएम आतिशी को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने किसानों के हित में केंद्र की योजनाओं को लागू करने से रोका गया है। आतिशी को लिखे पत्र में शिवराज ने कहा, अत्यंत दुख के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूं। आप ने दिल्ली में किसानों के हित में कभी उचित निर्णय नहीं लिए। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को भी आप की सरकार द्वारा दिल्ली में लागू करने से रोका गया है। आपकी सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है। आज दिल्ली के किसान भाई-बहन परेशान और चिंतित है। दिल्ली सरकार द्वारा केंद्र की अनेक किसान कल्याणकारी योजनाओं को लागू नहीं किये जाने से किसान भाई-बहन इन योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। मैंने पूर्व में भी आपको पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था लेकिन यह चिंता का विषय है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का कोई निराकरण नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि विगत 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है लेकिन सदैव यह प्रतीत हुआ है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किसान भाई बहनो के साथ सिर्फ धोखा किया है और चुनावों से पहले बड़ी बड़ी घोषणाएं कर उनका राजनीतिक लाभ लिया है। केजरीवाल ने सरकार में आते ही हमेशा जनहितैषी निर्णयों को लेने के स्थान पर अपना रोना रोया है। आपकी सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण केंद्र सरकार के एकीकृत बागवानी



विकास मिशन को लागू नहीं किया गया है। मिशन के लागू न होने से किसान भाई-बहन नर्सरी और टिशू कल्चर की स्थापना, रोपण सामग्री की आपूर्ति, फसल उपरांत प्रबंधन के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, नए बाग, पाली हाउस एवं कोल्ड चैन की सब्सिडी सहित अनेक योजनाओं के लाभ नहीं ले पा रहे हैं। पत्र में आगे लिखा गया है, आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को भी लागू नहीं किया गया है। इस योजना को लागू नहीं करने से किसान भाई बहनों का नुकसान हुआ है, क्योंकि इस योजना के माध्यम से राज्य अपनी विशिष्ट परियोजनाएं शुरू कर सकते हैं। साथ ही केंद्र की अन्य परियोजनाओं को शामिल करने की स्वतंत्रता भी मिलती है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को लागू नहीं होने के कारण कृषि मशीनीकरण, सूक्ष्म सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य, फसल अवशेष प्रबंधन, परंपरागत कृषि विकास योजना, कृषि वानिकी और फसल डायवर्सिफिकेशन के लिए सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ दिल्ली के किसान नहीं ले पा रहे हैं। केंद्र सरकार के बीज ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत बीजों के वितरण, बीज परीक्षण, प्रयोगशालाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बीज प्रमाणीकरण एजेंसियों की सहायता, बीजों की पारंपरिक किस्म के लिए सहायता और बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी जैसे लाभ मिलते है लेकिन यह चिंताजनक है कि आप की सरकार के द्वारा बीज ग्राम कार्यक्रम को दिल्ली में लागू नहीं किया गया और यहां के किसान भाई बहन बीज ग्राम कार्यक्रम के लाभ से वंचित हो रहे हैं। दिल्ली में न सिर्फ केंद्र सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं को आपने लागू नहीं किया है बल्कि आपकी नीतियां भी कृषि एवं किसान विरोधी रही है।

## मनमोहन सिंह का किसान घाट, राष्ट्रीय स्मृति स्थल और राजघाट में से किसी एक जगह पर बन सकता है स्मारक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार को लेकर राजनीति तेज हो गई थी और कांग्रेस का कहना था कि उन्हें वहीं मुखाग्नि दी जानी चाहिए थी, जहां उनका अंतिम संस्कार हो। निगम बोध पर उनके अंतिम संस्कार को अपमान करार देते हुए कांग्रेस ने हमला बोला था। वहीं सरकार का कहना था कि हम उनके स्मारक के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं और ट्रस्ट का इसके लिए गठन किया जाएगा। ऐसे में थोड़ा समय लगेगा। इस बीच मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियों ने काम तेज कर दिया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय लोक निर्माण विभाग और शहरी विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने कुछ जगहों को चिह्नित किया है। इन स्थानों पर मनमोहन सिंह का स्मारक बनाया जा सकता है। अधिकारियों ने जिन स्थानों को निरीक्षण किया है, उनमें किसान घाट, राष्ट्रीय स्मृति स्थल और राजघाट के पास की जगहें शामिल हैं। कहा जा रहा है कि



इन स्थानों की सूची मनमोहन सिंह के परिवार को भी दी गई है और उनकी राय को लेते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। फिलहाल कोई स्थान तय नहीं हुआ है और मनमोहन सिंह की फैमिली से विकल्प चुनने को कहा गया है। स्मारक बनाने से पहले सरकार की पहल पर एक ट्रस्ट का गठन किया जाएगा। फिर उस ट्रस्ट के ही आवेदन पर जमीन का औपचारिक तौर पर आवंटन होगा और स्मारक बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्मारक का निर्माण केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की ओर से किया जाएगा। इसके लिए ट्रस्ट और विभाग के बीच एक एमओयू होगा। बता दें कि 2013 में तत्कालीन यूपीए सरकार की कैबिनेट एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत राष्ट्रीय स्मृति स्थल के नाम से समाधियों के लिए अलग जगह आवंटन का फैसला हुआ था। यह तय हुआ था कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति जैसे पदों पर रहे नेताओं की समाधियां राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर बनाई जाए। माना जा रहा है कि मनमोहन सिंह के स्मारक को भी राष्ट्रीय स्मृति स्थल परिसर के भीतर ही बनाया जा सकता है। यहीं पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का भी स्मारक बनाया गया है। बता दें कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर भी विवाद हुआ था और कांग्रेस का कहना था कि उन्हें वहीं मुखाग्नि दी जाए, जहां पर स्मारक का निर्माण होना हो। वहीं कांग्रेस के एक नेता प्रवीण दावर ने मांग की है कि मनमोहन सिंह का स्मारक चंडीगढ़ में बनाया जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कुछ लोग यह बात पसंद नहीं करेंगे। लेकिन मेरी राय है कि मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए चंडीगढ़ सबसे सही जगह होगी।

## केरल के कन्नूर में स्टूडेंट्स को के जा रही स्कूल बस पलटी, चपेटे में आई बच्ची की मौत, 18 घायल

**कन्नूर, एजेंसी।** केरल के कन्नूर जिले के वलक्कई में बुधवार को एक स्कूल बस के पलट जाने से 5वीं कक्षा की एक बच्ची की मौत हो गई। पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि बस में बैठी बच्ची बस से बाहर गिर गई और बस पलट जाने से उसकी कुचलकर मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 18 अन्य छात्राएं घायल हो गई हैं। इनमें में से एक की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक यह बस कन्नूर जिले के कुरुमाथुर में चिन्मय स्कूल की थी। जब यह दुर्घटना हुई तब बस में 20 छात्र सवार थे। जानकारी के मुताबिक बस ने सामने से आ रही दूसरी गाड़ी को रास्ता देते वक्त संतुलन खो दिया और सड़क पर पलट गई। केरल सरकार के जनसंपर्क विभाग ने बताया, दुर्घटना में 15 बच्चे घायल हुए हैं। यह घटना वलक्कई पुल के पास हुई जब बस ने ढलान पर नियंत्रण खो दिया और पलट गई। सूत्रों ने इसे ब्रेक फेल होने का मामला भी बताया है। हालांकि पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायल छात्रों को इलाज के लिए तालीपरम्बा तालुक अस्पताल पहुंचाया। घटना की वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है और यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में स्कूल बस अचानक नियंत्रण खोती हुई और सड़क पर पलटती हुई दिखाई दे रही है। इसके



तुरंत बाद स्थानीय लोगों को बस की ओर भागते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। वहीं मामले में स्कूल अधिकारियों की ओर से अब तक कोई बयान नहीं आया है। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से गाड़ी चलाना), 125 (ए) (लापरवाही या लापरवाही के कारण मानव जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 106 (1) (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज किया है। इस बीच लोगों ने सड़क की खराब बनावट को इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

# क्या अजित और शरद पवार फिर एक साथ आएंगे!

**मुंबई, एजेंसी।** राजनीति में कुछ भी अकारण या अनायास नहीं होता। किसी के बयान के भी मायने होते हैं और उसके पीछे कई बाहर गहरी रणनीति भी छिपी होती है या फिर भविष्य के कुछ संकेत होते हैं। महाराष्ट्र की पवार फैमिली के बीच एक साल से ज्यादा वक्त तक चली वार के बाद अब सुलह को लेकर आ रहे बयानों के भी संकेत ही निकाले जा रहे हैं। डिप्टी सीएम अजित पवार की मां ने पहले एकता की बात कही और कहा कि वह चाहती हैं कि उनके बेटे और शरद पवार अब साथ मिलकर राजनीति करें। फिर बारी अजित खेमे के ही प्रफुल्ल पटेल की थी, जिन्होंने शरद पवार को लेकर यहां तक कह दिया कि वह तो हमारे लिए देवता जैसे हैं। उन्होंने कहा कि हम राजनीतिक मतभेदों के चलते अलग हुए, लेकिन हमारे दिलों में शरद पवार के लिए उतना ही सम्मान है, जो पहले था।

एक तरफ अजित पवार की मां आशा ताई का बयान और फिर प्रफुल्ल पटेल की ओर से शरद पवार को देवता बताया जाना अनायास नहीं है। इसके मायने हैं, जो निकाले जा रहे हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चाएं जोरों पर हैं कि क्या पवार फैमिली के दोनों खेमों में एकता हो सकती है। दरअसल इसकी शुरुआत अजित पवार खेमे से नहीं बल्कि शरद पवार



गुट से ही हुई थी। बीते साल 14 दिसंबर को शरद पवार की पार्टी के विधायक और रिश्ते में उनके पोते रोहित पवार की मां सुनंदा का बयान आया था। सुनंदा पवार का कहना था कि यह जरूरी है कि अजित पवार और शरद पवार एक हो जाएं। राज्य और परिवार के लिए यह अच्छी बात होगी। इस तरह शरद पवार खेमे से ही एकता की पहल की गई थी, जिसे अजित पवार गुट ने भी मजबूती से उठाया है। महाराष्ट्र और एनसीपी की राजनीति को समझने वाले मानते हैं कि इन बयानों के पीछे अंदरखाने पक रही खिचड़ी है। दरअसल दोनों गुट भविष्य की राजनीति के लिए एकता चाहते हैं और पूरी संभावना है कि शरद पवार की इसमें हामी है। शरद पवार के एकता चाहने के भी कई कारण हैं। वह 84 वर्ष के हो चुके हैं और अगले विधानसभा चुनाव तक उनकी आयु 90 के करीब होगी। उनकी बेटी सुप्रिया सुले भले ही लगातार बारामती से सांसद चुनी जा रही हैं, लेकिन वह कोई जननेता नहीं बन सकी हैं। ऐसे में शरद पवार के बिना कैसे सुप्रिया सुले आगे बढ़ेंगी। यह चिंता की बात होगी। माना जा रहा है कि इसीलिए शरद पवार भतीजे के ही साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। इससे पार्टी मजबूत रहेगी और परिवार के भी सभी लोगों के लिए संभावना बनी रहेगी। विधानसभा चुनाव में शरद पवार की पार्टी को करारा झटका लगा है, जबकि अजित पवार की पार्टी 41 विधायक जिताने में सफल रही। इस तरह शरद पवार खेमे को सूबे की सियासत में झटका लगा है। वहीं भाजपा के लिए भी यह एकता फायदेमंद होगी। लोकसभा में शरद पवार के सांसदों की ताकत उसे मिल जाएगी।



## गौतम गंभीर ने जवाब से चौंकाया...

# भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सिडनी टेस्ट से होंगे ड्रॉप?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1-2 से पिछड़ रही है। टीम के पास सीरीज ड्रॉ कराने के आखिरी मौका सिडनी में है। भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए फैंस और दिग्गजों ने कप्तान रोहित शर्मा को भी कारण बताया। सोशल मीडिया पर रोहित को सिडनी टेस्ट से ड्रॉप करने की बात कही गई। भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा संकेत दिया कि रोहित शर्मा वाकई में टीम से ड्रॉप हो सकते हैं।

### गौतम गंभीर से रोहित शर्मा को लेकर हुआ सवाल

गौतम गंभीर पांचवें टेस्ट मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए। इससे पहले ज्यादातर मौकों रोहित शर्मा प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर आते थे। गंभीर से यहां सिडनी टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में रोहित शर्मा की जगह पर सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि क्या रोहित शर्मा सिडनी टेस्ट खेलेंगे।

गौतम गंभीर के जवाब ने किया हैरान

इस सवाल के जवाब में गौतम गंभीर ने जो कहा उसने सभी को हैरान कर दिया। गंभीर ने कहा, 'हम प्लेइंग इलेवन का फैसला कल (3 जनवरी) पिच देखकर करेंगे।' इस जवाब ने सभी को हैरान कर दिया है क्योंकि कप्तान का चयन पिच के अनुसार नहीं होता है। अगर रोहित शर्मा का कप्तान होकर भी खेलना तय नहीं है इसका यही मतलब निकाला जा रहा है कि वह ड्रॉप हो सकते हैं। आखिरी टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में बदलाव तय माना जा रहा है। यहां क्लिक करके जानें कौन हो सकता है बाहर।

### रोहित शर्मा का प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने अब तक पांच पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए हैं। इसके अलावा घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में उन्होंने छह पारियों में निराशाजनक 91 रन और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में महज 42 रन बना पाए थे। न्होंने 15 पारियों में सिर्फ 164 रन बनाए हैं, जो 11 से भी कम औसत है। कप्तान के तौर पर औसत 30.58 है लेकिन इससे पहले उन्होंने 46.87 की औसत से रन बनाए थे। इस साल वह अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

## सिडनी टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान, मिचेल मार्श बाहर... इस अनजान खिलाड़ी का होगा डेब्यू

**सिडनी, एजेंसी।** कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि चयनकर्ताओं ने खराब फॉर्म में चल रहे ऑलराउंडर मिचेल मार्श को बाहर कर ब्यू वेबस्टर को टीम में शामिल करने का फैसला किया गया है. ऑस्ट्रेलिया द्वारा सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के फाइनल मैच के लिए मिशेल मार्श को बाहर करने के बाद ब्यू वेबस्टर ऑस्ट्रेलिया के 469वें पुरुष टेस्ट खिलाड़ी बन जाएंगे. पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ नए साल के टेस्ट की पूर्व



संध्या पर घोषणा की कि वेबस्टर मार्श की जगह लेंगे, जिन्होंने इस सीरीज में 10.42 के एवरेज से 73 रन बनाए हैं. वेबस्टर को अंतिम मैच के लिए मार्श की तुलना में टॉप 6 बल्लेबाजी विकल्प के रूप में अधिक विश्वसनीय माना गया, वेबस्टर ने मार्च 2022 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 57.10 की औसत से रन बनाए हैं, जबकि 31.70 की औसत से 81 विकेट भी लिए हैं. मिशेल स्टार्क सिडनी में खेलेंगे लेकिन उनकी पसलियों में चोट है. स्टार्क को शुक्रवार को होने वाले सीरीज के निर्णायक पांचवें टेस्ट से पहले बुधवार को पसलियों के स्कैन के लिए भेजा गया था, हालांकि टीम स्टाफ इस बात पर अड़ा हुआ है कि यह सामान्य प्रक्रिया है. शुक्रवार का टेस्ट मैच 21 वर्षों में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा टेस्ट मैच माना जा रहा है, क्योंकि 2004 में स्टीव वॉ का विदाई मैच भारत के खिलाफ 1-1 की बराबरी पर था.

### ऑस्ट्रेलिया की सिडनी टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवनः

सैम कोंस्टास, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, नाथन लायन, स्कॉट बोलैंड

## डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी में पहुंचे डब्ल्यूडब्ल्यूई के सितारे, ट्रिपल एच और मैकमाहोन ने की शिरकत



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के चीफ कंटेट अधिकारी ट्रिपल एच उनकी पत्नी स्टेफनी मैकमाहोन नजर आए। इस दौरान स्टेफनी की मां लिंडा मैकमाहोन भी मौजूद रहीं। ट्रंप ने हाल ही में घोषणा की थी कि लिंडा मैकमाहोन अमेरिका की शिक्षा मंत्री होंगी।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नए साल की पार्टी में डब्ल्यूडब्ल्यूई के सितारों ने भी शिरकत की। ट्रिपल एच, लिंडा मैकमाहोन और स्टेफनी मैकमाहोन मार-ए-लागो पहुंचे। डब्ल्यूडब्ल्यूई के चीफ कंटेट अधिकारी ट्रिपल एच उनकी पत्नी स्टेफनी मैकमाहोन नजर आए। इस दौरान स्टेफनी की मां लिंडा मैकमाहोन भी मौजूद रहीं। ट्रंप ने हाल ही में घोषणा की थी कि लिंडा मैकमाहोन अमेरिका की शिक्षा मंत्री होंगी।

सोशल मीडिया पर इनकी तस्वीरें वायरल हो रही है जिसमें ट्रिपल एच, स्टेफनी ट्रंप के आवास पर नए साल के जश्न में शामिल हुए हैं। हालांकि, इस बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है कि विंसे मैकमाहोन इस दौरान उपस्थिति थे या नहीं। लिंडा मैकमाहोन ने हाल ही में पुष्टि की थी कि वह और पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चेयरमैन आधिकारिक रूप से अलग हो चुके हैं।

विंसे मैकमाहोन ने जनवरी 2023 में डब्ल्यूडब्ल्यूई बोर्ड में वापस आने की घोषणा की थी। उनकी बेटी स्टेफनी मैकमाहोन ने कंपनी में अपनी भूमिका से इस्तीफा दे दिया था।

विंसे ने इसके बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई और टीकेओ के सभी पदों को छोड़ दिया था। इसके बाद से स्टेफनी रेसलिंग की दुनिया में सीमित भूमिका निभा रही हैं। ट्रंप के घर नए साल की पार्टी में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क भी मौजूद रहें। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें साझा की थी।

श्रीलंका-न्यूजीलैंड टी-20

# कुसल परेरा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तूफानी शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के कुसल परेरा ने नए साल की धमाकेदार शुरुआत की है। इस खिलाड़ी ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में तूफानी शतक ठेका। अपने इस शतक के साथ उन्होंने 14 साल पुराना श्रीलंकाई रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। उन्होंने सिर्फ 44 219.56 की स्ट्राइक रेट शतक जमाया। पारी में 13 चौके और 4 छक्के शामिल रहे।

### कुसल ने तोड़ा 14 साल पुराना रिकॉर्ड

परेरा ने इस पारी के साथ ही श्रीलंका का सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने दिग्गज खिलाड़ी तिलकरत्ने दिलशान को पीछे छोड़ा। साल 2011 में इस खिलाड़ी ने 55 गेंदों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 शतक बनाया था। यह 14 साल तक श्रीलंका की ओर से बनाया गया सबसे तेज टी20 शतक था।

### 2025 के पहले शतकवीर हैं कुसल परेरा

श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच का तीसरा टी-20 साल 2025 का पहला इंटरनेशनल मैच है। कुसल परेरा साल 2025 में इंटरनेशनल शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

परेरा के अलावा चरित असलांका ने 46 रन की पारी खेली। मैट हेनरी, जेकब डफी, जैकारी फोक्स, मिचेल सैंटनर और डैरिल मिचेल ने 1-1 विकेट लिया। श्रीलंकाई टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 218 रन बनाए।

### श्रीलंका ने हासिल की जीत

इसके जवाब में न्यूजीलैंड सात विकेट खोकर 211 रन ही बना पाया और मैच हार गया।

कीवी टीम की ओर से रचिन रविंद्र ने 39 गेंदों में 69 रनों की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने चार छक्के और पांच चौके लगाए। वहीं डेरिल मिचेल ने 35 रन की पारी खेली और टिम रॉबिनसन ने 37 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से कप्तान चरित असलांका ने तीन, वानिंदु हसरंगा ने दो और बिनूरा फर्नांडो ने एक विकेट लिया।

## विनोद कांबली को अस्पताल से छुट्टी मिली, कपिल देव ने कहा- जल्दबाजी न करें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने ठाणे के एक अस्पताल से बाहर आए भारत के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली से जल्द से जल्द मिलने का वादा किया है।



कांबली को मूत्र संक्रमण और ऐंठन सहित स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण 21 दिसंबर को आईसीयू में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में डॉक्टरों ने कहा कि 52 वर्षीय कांबली के मस्तिष्क में थक्के भी थे। बुधवार को कांबली शारीरिक रूप से कमजोर लेकिन जोश से भरे अस्पताल से बाहर निकले और उन्होंने अस्पताल के कर्मचारियों के साथ तस्वीरें खिंचवाई, इसके अलावा उन्होंने क्रिकेट का एक छोटा सा खेल भी खेला।

चेस रैंकिंगः

# शतरंज रैंकिंग में अर्जुन एरिगेसी चौथे, डी गुकेश पांचवें स्थान पर बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले 18 वर्षीय गुकेश 2783 रेटिंग के साथ एरिगेसी से एक स्थान नीचे पांचवें स्थान पर हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी और विश्व चैंपियन डी गुकेश ने बुधवार को जारी शतरंज रैंकिंग में क्रमशः अपना चौथा और पांचवां स्थान बरकरार रखा है। एरिगेसी महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद के बाद 2800 की ईएलओ रेटिंग तक पहुंचने वाले दूसरे भारतीय और कुल 16वें खिलाड़ी बन गए हैं। वह 2801 रेटिंग अंक से चौथे स्थान पर हैं।



वहीं पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले 18 वर्षीय गुकेश 2783 रेटिंग के साथ एरिगेसी से एक स्थान नीचे पांचवें स्थान पर हैं।

# नया साल शुरू होते ही नजमुल ने छोड़ी कप्तानी, अचानक लिया बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नजमुल हुसैन शांतो ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ दी है. फिलहाल शांतो ने टी20 फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ी है. ऐसी खबरें थी कि वो तीनों फॉर्मेट से कप्तानी छोड़ने वाले लेकिन फिलहाल बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें सिर्फ टी20 कप्तानी छोड़ने के लिए मना लिया है.




बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि नजमुल अब टी20 टीम की कप्तानी नहीं करेंगे. नजमुल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद से ही कप्तानी छोड़ना चाहते थे. रिपोर्ट्स हैं कि उनकी जगह अब लिट्टन दास टी20 इंटरनेशनल में बांग्लादेश की टीम के नए कप्तान बन सकते हैं. बांग्लादेश बोर्ड ने बताया कि शांतो फिलहाल टी20 की कप्तानी छोड़ रहे हैं. आने वाले कुछ समय में टी20 सीरीज नहीं है तो ऐसे में नए टी20 कप्तान का ऐलान नहीं हो रहा है. अगर नजमुल हुसैन शआंतो के साथ किसी चोट की दिक्कत नहीं हुई तो वो ही टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान होंगे.

बीसीबी के अधिकारियों ने लिट्टन दास का नाम तो नहीं लिया लेकिन ये बात साफ है कि शांतो की जगह ये खिलाड़ी ही नया टी20 कप्तान होगा. हाल ही में लिट्टन की कप्तानी में बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को टी20 सीरीज में 3-0 से हराया था.

### चैंपियंस ट्रॉफी में कैप्टन कौन होगा?

नजमुल हुसैन शांतो ही चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के कप्तान होंगे. ऐसी खबरें थी कि मेहदी हसन वनडे टीम के कप्तान बन सकते हैं क्योंकि वो वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज में टीम के स्टैंड-इन कप्तान थे. लेकिन बीसीबी ने शांतो के नाम का ऐलान कर दिया है.

## जींस पर विवाद, देर से खेलने पहुंचना अब टाइटल शेयर करने को लेकर मचा हंगामा, की जा रही जांच की मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नॉर्वे के स्टार शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन एक बार फिर विवाद के कारण चर्चा में हैं। वर्ल्ड ब्लिट्स और रैपिड चैंपियनशिप में यह खिलाड़ी पहले अपनी जींस को लेकर चर्चा में आया और अब इस खिलाड़ी पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया जा रहा और जांच की मांग की जा रही है। मैगन्स को उनका एक मजाक काफी भारी पड़ गया है।

मैगन्स कार्लसन और इयान नेपोमनिची ने वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप टाइटल शेयर किया। आमतौर पर ऐसा नहीं होता लेकिन इस बार चेस की अंतरराष्ट्रीय संस्था



इसके लिए मान गई। हालांकि अब मैगन्स कार्लसन और नेपो पर फिक्सिंग का आरोप लगाया जा रहा है। कार्लसन ने मुद्दे पर सफाई भी दी और कहा कि उनके एक मजाक को ज्यादा गंभीर ले लिया गया है।

मैगन्स और नेपो ने फाइनल में चार मैच खेले थे। इसमें से दोनों ने 2-2 मैच खेले थे। वहीं फिर तीन टाइब्रेक ड्रॉ होने के बाद दोनों ने ड्रॉ करने का फैसला किया। इसी मैच के दौरान का एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में मैगन्स नेपो से बात कर रहे हैं। मैगन्स ने कहा, 'अगर फीडे वाले शेयर करने के लिए नहीं मानते हैं तो जब तक वह तैयार नहीं होते हम छोटे ड्रॉ खेलते रहेंगे।'

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश की चटगाँव अदालत का हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत देने से इनकार



**चटगाँव, एजेंसी।** चटगाँव की एक अदालत ने आज कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई के दौरान पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को जमानत देने से इनकार कर दिया।हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था, तब से वह जेल में हैं। कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा, यह बहुत दुखद समाचार है।हम जानते हैं कि पूरी दुनिया इस पर नजर रखे हुए थी। सभी को उम्मीद थी कि चिन्मय प्रभु को नए साल में आजादी मिलेगी - लेकिन 42 दिनों के बाद भी, आज सुनवाई में उनकी जमानत खारिज कर दी गई... बांग्लादेश सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें न्याय मिले। इससे पहले 11 दिसंबर को एक बांग्लादेश की एक अदालत ने दास की प्रारंभिक जमानत याचिका को प्रक्रिया में खामी के कारण खारिज कर दिया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, वैध पावर ऑफ अटॉर्नी और वकील की अनुपस्थिति के कारण याचिका खारिज की गई थी।

### गाजा पर इस्राइली हमले में फलस्तीन के 12 लोगों की मौत

**गाजा , एजेंसी।** गाजा पट्टी पर इस्राइली हमले में बुधवार को 12 फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमला उत्तरी गाजा के जबालिया इलाके में एक घर पर हुआ, जो इस क्षेत्र का नष्ट हो चुका हिस्सा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में 7 की मौत हुई और कम से कम एक दर्जन अन्य लोग जख्मी हुए हैं।

### नेपाल में भारतीय संगठन के साथ बाल विवाह विरोधी मुहिम

**ढाका, एजेंसी।** नेपाल में बाल-विवाह अपराध समाप्ति के पीएम केपी शर्मा ओली के संकल्प के बीच इस हिमालयी देश से भारत के बाल अधिकार कार्यकर्ताओं, बच्चों व नागरिक संस्था के सदस्यों सहित 100 से अधिक लोगों ने 'बाल विवाह मुक्त नेपाल' मुहिम शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है। भारतीय संगठन 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन' और नेपाल के 'बैकवर्ड सोसाइटी एजुकेशन' के सहयोग से इसे शुरू किया गया है।

### ट्रंप ने कहा, जिमी कार्टर के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अगले सप्ताह पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के राजकीय अंतिम संस्कार में जाएंगे। उनका संस्कार 9 जनवरी को होना है। ट्रंप उनके धुर विरोधी रहे हैं।

### यूएन में पाकिस्तानी कार्यकाल शुरू हुआ कराची में 29 घायल

**कराची , एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य के तौर पर पाकिस्तान का दो वर्ष का कार्यकाल एक जनवरी को नए साल से शुरू हो गया।इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने खुशी जताई। इस बीच, कराची में नए साल पर की गई हवाई फायरिंग में 29 लोग घायल हो गए। नए साल का जश्न मनाते वक्त हुई घटनाओं में कई महिला और बच्चे भी प्रभावित हुए।

### ट्रंप ने न्यू ऑर्लियंस आतंकी हमले को लेकर डेमोक्रेट्स को घेरा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यू ऑर्लियंस की आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इसे शैतान का काम करार दिया। ट्रंप ने इस दुखद घटना के बाद अपने बयान के जरिए आप्रवासन और अपराध पर बहस को फिर से हवा दे दी। हमले में नए साल की पूर्व संध्या के जश्न के दौरान कम से कम 15 लोग मारे गए और 35 अन्य घायल हो गए। इसे लेकर ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर अमेरिका में आपराधिक घटनाओं और प्रवास के बारे में उनकी चेतावनियों को खारिज करने का आरोप लगाया। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि जब मैंने कहा कि हमारे देश में आने वाले अपराधी हमारे देश में मौजूद अपराधियों से कहीं ज्यादा बुरे हैं, तो उसका डेमोक्रेट्स और फेक न्यूज मीडिया की ओर से लगातार खंडन किया गया, लेकिन यह सच निकला। हमारे देश में अपराध दर उस स्तर पर है, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा। हम सभी निर्दोष पीड़ितों और उनके प्रियजनों के साथ हैं, जिनमें न्यू ऑर्लियंस पुलिस विभाग के बहादुर अधिकारी भी शामिल हैं। ट्रंप प्रशासन न्यू ऑर्लियंस शहर का पूरा समर्थन करेगा, क्योंकि वे इस पूरी तरह से दुष्टता के कृत्य की जांच और उससे उबरने में लगे हैं!

# ट्रंप के होटल के बाहर टेस्ला के साइबर ट्रक में धमाका, मस्क ने आतंकवादी घटना से जोड़े तार



**लॉस वेगास, एजेंसी।** अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में हुई दुखद घटना के बाद बुधवार को एक और हादसे की खबर सामने आई है। लॉस वेगास में ट्रंप के होटल के बाहर टेस्ला के एक साइबर ट्रक में जोरदार विस्फोट हुआ है। इस हादसे में कम से कम 1 शख्स की मौत हो गई है और 7 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर साइबरट्रक विस्फोट और न्यू ऑरलियन्स में हुए के हमले के बीच कनेक्शन हो सकता है। मस्क ने यह भी कहा है कि टेस्ला के साइबर ट्रक में यह धमाका बाहर से रखे गए विस्फोटकों की वजह से हुआ है, अंदरूनी कारणों से नहीं।

मस्क ने न्यू ऑरलियन्स और इस घटना के बीच संबंध होने का अंदेशा इसीलिए जताया है कि क्योंकि दोनों ही गाड़ियां एक ही कार रेंटल साइट, टुरो से किराए पर लिए गए थे। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, ऐसा लगता है कि यह आतंकवादी घटनाएं है। यह साइबरट्रक और न्यू ऑरलियन्स में एफ-150 आत्मघाती बम दोनों टुरो से किराए पर लिए गए थे। दोनों घटनाएं संभवतः जुड़ी हुई हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक न्यू ऑरलियन्स घटना के संदिग्ध ने भी टुरो नाम की साइट से किराए पर लिए गए फोर्ड एफ-150 लाइटनिंग इलेक्ट्रिक ट्रक से नए साल का जश्न मना रहे लोगों की भीड़ में टक्कर मार दी थी। टेस्ला के सीईओ मस्क ने एक और पोस्ट करते हुए यह स्पष्ट किया कि साइबर ट्रक में यह धमाका अंदरूनी कारणों से नहीं हुआ है। उनके मुताबिक यह धमाका बाहर से रखे गए विस्फोटकों की वजह से हुआ। मस्क ने ङ्क पर लिखा, हमने पुष्टि कर ली है कि विस्फोट साइबरट्रक में रखे बम की वजह से हुआ था और यह गाड़ी से संबंधित नहीं है। इससे पहले लॉस वेगास के पुलिस अधिकारी केविन मैकमैहिल ने बताया कि सुबह 8:40 बजे होटल में एक गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। मैकमैहिल ने बताया, साइबरट्रक के अंदर एक व्यक्ति की मौत हुई है और यह नहीं पता चल पाया है कि वह पुरुष है या महिला। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक साइबरट्रक में विस्फोटक, गैस टैंक और कैंपिंग ईंधन मौजूद थे। अधिकारी विस्फोट और न्यू ऑरलियन्स में हुए हमले के बीच किसी भी संबंध की जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि बुधवार को न्यू ऑरलियन्स में एक संदिग्ध ने अपनी कार भीड़ में घुसा दी थी। इस हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है। कार सवार की पहचान 42 शमशुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है, जो पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। स्नक्चढ्ढ इसकी जांच आतंकवादी घटना के एंगल से कर रही है। वहीं इस मामले पर राष्ट्रपति बाइडेन का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, हम लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर साइबरट्रक में हुए विस्फोट पर नजर रख रहे हैं। यह जांच की जा रही है कि क्या न्यू ऑरलियन्स में हुए हमले से इसका कोई संभावित संबंध है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि अमेरिकी लोगों को कोई खतरा न हो यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है।

## यूरोपीय देश मोंटेनेग्रो के बार में फायरिंग, 10 की मौत




**पॉडगोरिका, एजेंसी।** यूरोपीय देश मोंटेनेग्रो में नए साल के मौके पर एक शख्स ने बार में फायरिंग कर अपने ही परिवार के सदस्यों समेत 10 लोगों की हत्या कर दी। मरने वालों में परिवार के अलावा बार के मालिक और उसके 2 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं 4 लोग घायल भी हुए हैं। आरोपी हमलावर की पहचान 45 साल के आको मार्टिनोविक के रूप में हुई है, जो हमले के बाद मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए इलाके की सभी सड़कों को बंद कर दिया और उसकी तलाश में जुट गई। हालांकि बाद में पता चला कि आरोपी हमलावर ने आत्महत्या कर ली है।

**पारिवारिक झड़प में हुई गोलीबारी :** मार्टिनोविक बार में अपने मेहमानों के साथ मौजूद था। स्थानीय पुलिस के मुताबिक घटना की शुरुआत बार में झड़प से हुई। झड़प के बाद वह घर गया और वहां से हथियार लेकर आया। इसके बाद उसने शाम 5:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) गोलीबारी शुरू कर दी। बार में हुई फायरिंग में उसने 4 लोगों को मार दिया था। इनमें बार मालिक और उसके 2 बच्चे मारे गए। इसके बाद उसने अन्य 3 जगहों पर जाकर फायरिंग की, जिसमें अन्य लोग मारे गए। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक पुलिस ने झड़प के पीछे पारिवारिक संबंधों को वजह माना है।

**प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शोक घोषित किया :** हमले के बाद सरकार ने गुरुवार से तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। मोंटेनेग्रो के प्रधानमंत्री मिलोज्को स्पाजिक ने गोलीबारी को भयानक त्रासदी बताया है। हमले में घायल हुए लोगों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक हमलावर मार्टिनोविक का क्रिमिनल रिकॉर्ड रहा है।

## पाकिस्तान में मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि, पैतृक गांव के ग्रामीणों ने परिजनों को आमंत्रित किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस्लामाबाद से लगातार आतंकी गतिविधियों के कारण भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं, लेकिन पाकिस्तान के एक छोटे से गांव गाह ने भारत के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। यह मनमोहन सिंह का पैतृक स्थान भी है। यहां के लोगों ने पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष कार्यक्रम किया था। उन्होंने बुधवार को मनमोहन सिंह के परिवार को गांव में आमंत्रित किया है और कहा, गांव की मिट्टी से जुड़ाव पर हमें गर्व है।

ग्रामीणों ने एक साधारण परवरिश से लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रमुख बनने तक के उनके सफर का जश्न मनाया। एक ग्रामीण ने कहा, मुझे गर्व है कि मनमोहन सिंह मेरे पिता के सहपाठी थे। स्कूल में मनमोहन सिंह का नाम देखने से सम्मानित होता हूं। एक अन्य ग्रामीण ने मनमोहन सिंह के परिवार को उनके पैतृक गांव आने का निमंत्रण दिया। कहा, हम उनकी पत्नी और बेटियों को निमंत्रण देते हैं, यहां उनका वही घर और वैसा ही माहौल दिखाई देगा।

# कौन है 15 लोगों को रौंदने वाला शमसुद्दीन जब्बार, कार में मिला आईएसआईएस का झंडा





**न्यू ऑर्लियंस , एजेंसी।** अमेरिका के न्यू ऑर्लियंस में हुए हमले में अब आतंकवादी एंगल से जांच की जा रही है। इस घटना में अमेरिका सेना में सेवाएं दे चुके एक शख्स शमसुद्दीन जब्बार का नाम सामने आ रहा है। फिलहाल, जब्बार के आंतकवादी संगठनों से तार जुड़े होने की भी जांच जारी है। एफबीआई यानी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन को आशंका है कि इस घटना के जिम्मेदार और लोग भी हो सकते हैं।

**कौन है शमसुद्दीन जब्बार :** एफबीआई ने कार सवार की पहचान 42 साल के शमसुद्दीन जब्बार के रूप में की है। कहा जा रहा है कि वह टेक्सास का रहने वाला था और रियल एस्टेट एजेंट था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब्बार साल 2007 से लेकर 2015 के बीच जब्बार ने ह्यूमन रिसोर्स स्पेशलिस्ट और ढ्ढञ्ज स्पेशलिस्ट के तौर पर अमेरिकी सेना में सेवाएं दी थीं। इसके बाद वह 2020 तक सेना में रहा। फरवरी 2009 से लेकर जनवरी 2010 तक उसे अफगानिस्तान में नियुक्त किया गया था। खबर है कि वह स्टाफ सार्जेंट की रैंक से रिटायर हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब्बार पर साल 2002 में चोरी और और 2005 में अवैध लाइसेंस का इस्तेमाल करने जैसे मामूली केस दर्ज हुए थे। उसकी दो बार शादी हो चुकी है और साल 2022 में दूसरी शादी से भी तलाक हो चुका है।

खबर है कि उसने पत्नी के वकील को भेजे एक ईमेल में आर्थिक परेशानियों का जिक्र किया था। कथित तौर पर उसने लिखा था कि वह घर का भुगतान नहीं कर पा रहा है। साथ ही जानकारी दी थी कि कंपनी को बीते साल 28 हजार डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ था। घटना एफबीआई ने बताया कि बुधवार को शहर के व्यस्त फ्रेंच क्वार्टर में बॉर्बन स्ट्रीट पर तड़के लगभग 3.15 बजे हुए हमले के बाद पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में चालक मारा गया। जांचकर्ताओं को मुठभेड़ के बाद एक हैंडगन और एक एआर-शैली की राइफल बरामद हुई है। एफबीआई ने बताया कि वाहन में संभावित विस्फोटक उपकरण पाया गया तथा जांचकर्ता संभावित विस्फोटक उपकरणों की तलाश में फ्रेंच क्वार्टर की तलाशी ले रहे हैं। खबर है कि कार से आईएसआईएस का झंडा भी मिला है। इस घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 15 तक पहुंच गई है।

## इजरायल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने नेसेट से दिया इस्तीफा



**तेल अवीव , एजेंसी।** इजरायल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने नेसेट से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री पद से बर्खास्त किए जाने के दो महीने से भी कम समय बाद उन्होंने नेसेट से इस्तीफा दिया है। गैलेंट ने बुधवार शाम को इस्तीफा देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने के लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार की आलोचना की। हालांकि, गैलेंट ने कहा कि वह नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के सदस्य बने रहेंगे।

इजरायली मीडिया को दिए एक बयान में गैलेंट ने अपने राजनीतिक और सैन्य योगदान के लिए खुद को श्रेय दिया। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने आंशिक रूप से हमास हिजबुल्लाह और ईरान की सैन्य क्षमताओं को खत्म कर दिया था। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले और जारी संघर्ष के दौरान इजरायल की कार्रवाई की जिम्मेदारी भी ली।

गैलेंट ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) में अपने 35 साल की सर्विस पर भी बात की। उन्होंने नेसेट सदस्य के रूप में एक दशक और रक्षा मंत्री के रूप में दो साल तक काम किया। गैलेंट ने संकेत दिया कि उनका राजनीतिक करियर खत्म नहीं हुआ है और पार्टी नेतृत्व के लिए चुनौती के रूप में एक संभावित वापसी का सुझाव दिया।

गैलेंट ने कहा, लिकुड आंदोलन के सदस्य के रूप में मैं आंदोलन के मार्ग के लिए लड़ता रहूंगा। मेरा रास्ता एक समान रास्ता है और मैं इसके सिद्धांतों में विश्वास करता हूं और इसके सदस्यों तथा मतदाताओं पर भरोसा करता हूं। जब से मैंने लिकुड पार्टी को पहली बार वोट दिया, मेनाकेम क्रांति में भागीदार रहा तब से मैं आंदोलन के राष्ट्रीय और वैचारिक मार्ग के प्रति वफादार रहा हूं। उन्होंने नेतन्याहू और वर्तमान रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। गैलेंट ने तर्क दिया कि अति-रूढ़िवादी को भर्ती करना एक सैन्य आवश्यकता थी। गैलेंट ने सरकार के न्यायिक सुधार पर भी चिंता व्यक्त की, जिसे उन्होंने इजरायल के लिए स्पष्ट और तत्काल खतरा बताया। गैलेंट ने कहा कि उन्होंने 7 अक्टूबर के हमलों से पहले इस जोखिम के बारे में चेतावनी दी थी।

इसके अलावा उन्होंने गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की वापसी सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, जब तक उन्हें घर वापस नहीं लाया जाता, तब तक कोई जीत नहीं हो सकती। अपने भाषण के बाद गैलेंट ने नेसेट के अध्यक्ष अमीर ओहाना को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## अमेरिका में फिर से हमला, 11 लोगों को मारी गोलियां; नए साल पर 15 का हुआ था कत्ल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका में फिर से एक हमला हुआ है। यह हमला न्यूयॉर्क क्वीन्स इलाके में हुआ है, जिसमें 11 लोगों को गोली मारे जाने की खबर है। ये सभी लोग घायल हैं। यह हमला न्यू ऑरलिन्स में हुए अटैक के अगले ही दिन हुआ है, जिसमें शमसुद्दीन जब्बार नाम के शख्स ने नया साल मना रही लोगों की भीड़ पर ट्रक चढ़ा दिया था, जिसमें 15 लोग मारे गए थे। यह फायरिंग अमेरिकी समयानुसार रात को 11:45 पर हुई है। जानकारी के अनुसार क्वीन्स इलाके के अमाजुरा नाइट क्लब में यह फायरिंग हुई है, जिसमें 11 लोग जख्मी हुए हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी मिलते ही न्यूयॉर्क पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया।

अब तक यह जानकारी नहीं मिल सकी है कि यह फायरिंग किसने की थी और उसका मकसद क्या था। यह फायरिंग ओरलिन्स में ट्रक हमले के ठीक बाद हुई है। इससे पहले ट्रक हमले में 15 लोगों की मौत हो चुकी है। पिक अप ट्रक के चालक शम्सुद्दीन ने नया साल मना रही लोगों की भीड़ पर हमला कर दिया था, जिसमें 15 लोग मारे गए। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग घायल हैं।अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के अनुसार शमसुद्दीन जिस ट्रक को चला रहा था, उससे इस्लामिक स्टेट का झंडा बरामद हुआ है। यही नहीं



शमसुद्दीन के कुछ वीडियोज के बारे में भी जानकारी मिली है, जिसमें उसने हत्याएं करने की बात कही थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तीन लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया है। फिलहाल न्यूयॉर्क प्रशासन के ज्यादातर अधिकारी मौके पर हैं। इस घटना में दो संदिग्धों के शामिल होने की जानकारी अब तक मिली है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कई राउंड फायरिंग की आवाजें 11:45 बजे सुनी गईं। इसके बाद हॉल में भगदड़ मच गई। वहां मौजूद लोगों जश्न में डूबे थे, इसके चलते उन्हें यह समझने में भी देर लगी कि आखिर क्या हुआ है। फिलहाल प्रशासन ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और वहां से सभी लोगों को सुरक्षित निकालने पर फोकस है।

# इस्राइल के बाद अब फलस्तीन में भी अल जजीरा के प्रसारण पर रोक

**रामल्लाह, एजेंसी।** एक चौंकाने वाले फैसले के तहत फलस्तीनी प्रशासन ने भी कतर के अल जजीरा मीडिया चैनल के प्रसारण पर रोक लगा दी। फलस्तीनी प्रशासन का कहना है कि अल जजीरा उकसावे वाली सामग्री का प्रसारण कर रहा था। फलस्तीन की सरकारी मीडिया एजेंसी ने एक बयान जारी कर कहा कि संस्कृति, आंतरिक और संचार मंत्रालयों वाली विशेष मंत्रिस्तरीय समिति ने अल जजीरा के प्रसारण को निलंबित करने और फलस्तीन में इसके कार्यालय की सभी गतिविधियों को रोकने का फैसला किया है।

**फलस्तीनी प्रशासन ने अल जजीरा के प्रसारण पर लगाई रोक :** फलस्तीनी मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है, इस फैसले में फलस्तीनी कानूनों और विनियमों के उल्लंघन के कारण अल जजीरा के सभी पत्रकारों, कर्मचारियों, क्रू और संबद्ध चैनलों के काम को अस्थायी रूप से रोकना भी शामिल है। फलस्तीनी प्रशासन ने कहा कि अल जजीरा द्वारा लगातार भड़काऊ सामग्री और गलत सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। यह देशद्रोह और फलस्तीन के आंतरिक मामलों में दखल है। जिसके बाद प्रशासन ने चैनल के कामकाज को निलंबित करने का फैसला किया है। फलस्तीन के रामल्लाह स्थित अल जजीरा के नेटवर्क कार्यालय ने भी इस निलंबन की पुष्टि की है और कहा कि उन्हें इस संबंध में आदेश प्राप्त हुआ है।

**हमास ने फैसले की आलोचना की :** हमास ने एक बयान जारी कर अल जजीरा के प्रसारण पर रोक की आलोचना की है। हमास ने कहा कि यह फैसला फलस्तीनी प्राधिकरण की मनमानी को दर्शाता है और यह सार्वजनिक



अधिकारों और स्वतंत्रताओं को कम करना और फलस्तीनी लोगों पर अपनी सुरक्षा पकड़ को मजबूत करने के चलते लिया गया है। हमास ने कहा कि हम फलस्तीनी प्राधिकरण से तुरंत इस फैसले को वापस लेने की मांग करते हैं। मीडिया कवरेज की निरंतरता जरूरी है और इससे कब्जे को उजागर करने में मदद मिलती है।

**फलस्तीनी प्राधिकरण ने क्यों लगाई रोक :** इस्राइल द्वारा अक्सर अल जजीरा चैनल पर पक्षपाती रिपोर्टिंग करने और उकसावे वाली सामग्री का प्रसारण करने का आरोप लगाया जाता है। यही वजह है कि इस्राइल में भी अल जजीरा पर रोक है, लेकिन अब फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा भी इस पर रोक लगाना चौंकाता है। दरअसल फलस्तीन के जेनिन इलाके में राष्ट्रपति महमूद अब्बास के फतह आंदोलन और हमास और अन्य आतंकी गुटों के बीच झड़पें जारी हैं। अल जजीरा द्वारा इन झड़पों का प्रसारण करने के चलते राष्ट्रपति अब्बास कथित तौर पर अल जजीरा से नाराज बताए जा रहे थे। अब्बास ने दिसंबर के अंत में चैनल की कड़ी निंदा की थी। गौरतलब है कि फलस्तीन के पश्चिमी तट क्षेत्र पर फलस्तीनी प्राधिकरण का नियंत्रण है, जबकि गाजा पर हमास का कब्जा था।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 03 जनवरी 2025 | 8


रीवा में माह के प्रथम दिन वन्देमातरम से कार्यदिवस शुरू करने के क्रम में कलेक्ट्रेट में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। माह के प्रथम दिवस एक जनवरी को राष्ट्रीय शोक होने से यह कार्यक्रम 2 जनवरी को आयोजित किया गया।



## कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व लाड़ली लक्ष्मी योजना में कम प्रगति पर सुपरवाइजर के वेतन आहरण पर रोक के निर्देश



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना की सेक्टरवार समीक्षा की। उन्होंने रौसर ग्राम में पदस्थ सुपरवाइजर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की सेक्टरवार पंजीयन की समीक्षा की गई। उन्होंने लक्ष्य के विरूद्ध 65 प्रतिशत से कम प्रगति वाले सेक्टर के सुपरवाइजर्स के वेतन आगामी आदेश तक आहरित करने पर रोक लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि मातृ वंदना योजना के प्रथम बच्चा तथा द्वितीय बच्चा के लंबित प्रकरणों का डाटा निराकृत करें तथा योजना में अपेक्षित प्रगति लायें। लाड़ली लक्ष्मी योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि यह महत्वपूर्ण योजना बालिकाओं के लिए छात्रवृत्रि आधारित योजना है जिसमें बालिका को उम्र के अनुसार चरणबद्ध ढंग से राशि प्रदान की जाती है और यह उनके भविष्य को भी संवारती है अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों, सीडीपीओ तथा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि नियत लक्ष्य की पूर्ति समय सीमा में करें तथा संवदेनशीलता के साथ योजना का क्रियान्वयन करायें। उन्होंने योजना में 60 प्रतिशत से कम प्रगति वाले सुपरवाइजर्स का वेतन आदेश तक रोकने के निर्देश दिये। विभागीय सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर जबाव फीड करायें तथा जिस माह की शिकायत हो उसे उसी माह में निराकृत कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन का परिणाम क्षेत्र में दिखना चाहिए। बैठक में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी, अनिल जैन, जीवेन्द्र सिंह, डॉ. शेष नारायण मिश्रा सहित सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर्स उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को

**रीवा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा है। अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी मतदाता सूची रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्दिष्ट स्थानों में मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कमिश्नर कार्यालय में किया गया वंदे मातरम का गायन

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में प्रातः 11 बजे सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। माह के प्रथम कार्य दिवस एक जनवरी को पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण राष्ट्रीय शोक होने से वंदे मातरम का गायन नहीं किया गया।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

### जनकल्याण अभियान में 4, 5 और 6 जनवरी को लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 4, 5 और 6 को शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 4 जनवरी को ग्राम पंचायत देवगांव तथा सेमरीकला, 5 जनवरी को नवागांव कोठार तथा हदी नम्बर दो और 6 जनवरी को नवागांव उन्मूलन तथा पलिया 350 में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 4 जनवरी को देवरा तथा पड़िया, 5 जनवरी को तमरा तथा बासी और 6 जनवरी को पड़ोखर तथा बैसा में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 4 जनवरी को भुनगांव तथा चांदी, 5 जनवरी को अकौरी तथा बरांव और 6 जनवरी को बरौली ठकुरान तथा बाबा की बरौली में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में 4 जनवरी को तेंदुआ कोठार, परासी तथा टिकुरी 32, 5 जनवरी को घुचियारी तथा सर नम्बर एक और 6 जनवरी को बसौली नम्बर दो तथा पुरवा 310 में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में 4 जनवरी को कटरा तथा डाढ़, 5 जनवरी को मलपार और 6 जनवरी को अंजोरा तथा राजापुर में शिविर लगाये जायेंगे। अनुभाग सिरमौर में 4 जनवरी को खैर, कटकी तथा मझियार, 5 जनवरी को बरहा 344 तथा मोहरवा 482 और 6 जनवरी को मोहरवा 481 और खड्डा में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

## समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के सभागार में 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह विकास योजनाओं, मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करेंगे।

## केन्द्रीय जेल में सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**रीवा।** केन्द्रीय जेल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रीय गीत का गायन कर जेल परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान आम, जामुन, अमरूद, नीबू, आंवला आदि फलदार पौधे लगाए गये। जेल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जेल में संचालित गौशाला तथा बगीचा का भ्रमण किया गया। जेल प्रशासन के निर्देशन में बंदियों के लिये जेल के बगीचों में विभिन्न प्रकार की साग-सब्जियों को उगाया जा रहा है। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह, फूलचंद दहायत, विवेक मार्य, सुश्री प्रियंका धाकड़, उपेन्द्र द्विवेदी धीरेन्द्र सिंह द्वारा विशेष योगदान दिया गया।

## नगर निगम का विवेकानंद पार्क स्कीम नम्बर 6 में आज लगेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 3 जनवरी को वार्ड क्रमांक 24 विवेकानंद पार्क स्कीम नम्बर 6 में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## अतिरिक्त ट्रक लगाकर परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करायें : कलेक्टर

### कलेक्टर ने उपार्जन कार्य की समीक्षा की



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में धान उपार्जन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि अतिरिक्त ट्रक लगाकर परिवहनकर्ता से अनुबंध करते हुए केन्द्रों से परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। बैठक में बताया गया कि जिले में दो परिवहनकर्ताओं द्वारा परिवहन कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अन्य परिवहनकर्ताओं से अनुबंध कराकर अतिरिक्त 250 ट्रक की व्यवस्था कराते हुए उपार्जित धान का परिवहन करायें ताकि आगामी दो से तीन दिवस में 500 से 600 ट्रक के माध्यम से परिवहन हो सके तथा वैकलाग समाप्त हो।

कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने उपार्जित धान के किसानों को किये गये भुगतान की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जिन खरीदी केन्द्रों में अधिक खरीदी होनी है वहां अतिरिक्त वारदानों की पर्याप्त व्यवस्था रखे तथा कार्य योजनानुसार उपार्जित धान का परिवहन करें। उन्होंने वर्षा के कारण गीले हुए उपार्जित धान के संबंध में पूंछतांछ की तथा निर्देश दिये कि मौके पर जाकर परीक्षण कर परिवहन की व्यवस्था करें। बैठक में उपार्जन कार्य में सम्बद्ध विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थिति रहे।

## युवा दिवस पर आयोजित होगा नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

**राज कपूर ऑडिटोरियम में 12 जनवरी को लगेगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर**

**रीवा।** कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में युवा दिवस 12 जनवरी को निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से 100 होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होकर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के माध्यम से आमजनता को होम्योपैथिक पद्धति से उपचार करने तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संबंध में जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में होम्योपैथी के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## जनकल्याण शिविर में आम जनता के आवेदनों में हो रही कार्यवाही



**रीवा।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 215 शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें आमजनता से 27231 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 21 हजार 923 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि एक और दो जनवरी को सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत त्योंथर में आयोजित शिविरों में ग्राम पंचायत गंगतीरा में 238 तथा शंकरपुर में 210 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, खाद्यान्न पर्ची तथा राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण शामिल हैं। जनपद पंचायत रीवा में एक जनवरी को आयोजित जनकल्याण शिविर में ग्राम भोलगढ़ में 105 तथा मध्येपुर में 67 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। जनपद पंचायत सिरमौर में ग्राम पंचायत हर्दी खुर्द में 173 तथा ग्राम पंचायत पाली में 373 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। सिरमौर जनपद पंचायत में 2 जनवरी को ग्राम पंचायत हटवा में आयोजित शिविर में 276 तथा ग्राम पंचायत सौर 569 में आयोजित शिविर में 172 आवेदन पत्र दर्ज किये गये।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में 3 जनवरी को अपरान्ह एक बजे से आयोजित की गयी है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## रोजगार मेला 6 जनवरी को

### रोजगार मेले में 6 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** स्थानीय शासकीय टीआरएस महाविद्यालय रीवा में 6 जनवरी को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला युवा संगम योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा शैक्षणिक योग्यता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में आईशर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इंदौर, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा तथा एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 13 जनवरी तक

**रीवा।** सैनिक स्कूल रीवा में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल एपीएस भुल्लर ने बताया कि कक्षा छठी और नौवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र इग्जाम डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन/एआईएसएसईई में शाम 5 बजे तक दर्ज किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 में 125 प्रश्न 300 अंकों के होंगे। जबकि कक्षा 9 में 150 प्रश्न 400 अंकों के होंगे। कक्षा 6 में लगभग 80 तथा कक्षा 9 में 8 स्थान प्रवेश के लिए रिक्त हैं। कुल स्थानों में 67 प्रतिशत स्थान राज्य के मूल निवासी विद्यार्थियों के लिए हैं। शेष स्थानों में अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में अब तक 22431 आवेदन पत्र हुए मंजूर

रीवा



जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 2 जनवरी तक आयोजित शिविरों में कुल 28017 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 22431 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 5175 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 385 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 24084 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 18757 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 11595, रायपुर कर्चुलियान में 2122, रीवा में 1783, सिरमौर में 1790, गंगेव में 1415 तथा जवा में 5379 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 11239, रायपुर कर्चुलियान में 1359, रीवा में 745, सिरमौर में 647, गंगेव 951 तथा जवा में 3816 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 3933 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3674 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 2168, नगर पंचायत सिरमौर में 120, गुढ़ में 364, मनगवां में 205, गोविंदगढ़ में 95, सेमरिया में 240, चाकघाट में 229, त्योंथर में 146, डभौरा में 226 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 140 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 2142, नगर पंचायत सिरमौर में 109, गुढ़ में 362, मनगवां में 205, गोविंदगढ़ में 13, सेमरिया में 175, त्योंथर में 137, डभौरा में 118, चाकघाट में 204 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 139 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शेष लंबित आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।


आयुष्मान द्वारा नि:शुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

• अस्पताल मे रहने की आवश्यकता नही • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय मे ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय मे काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833